दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 156 | टोंक | शुक्रवार,31 जनवरी, 2025 | माष, शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

मौसम जयपुर
27.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान

बाजार शेयर बाजार
सेंसेंक्स | 76,759.81
+226.85 (0.30%)
निफ्टी | 23,249.50
+86.40 (0.37%)

सर्राफा सोना/चांदी
सोना | 83,810 /10g
चांदी | 98,500 /Kg

संक्षिप्त समाचार

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 2 आतंकी मारे गए, घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास पुंछ में 2 आतंकी मारे गए। जम्मू के सिक्योरिटी स्पोक्सपर्सन ने बताया कि अभी भी दोनों ओर से फायरिंग जारी है। घटना देर शाम की है। पुंछ जिले के खारी करमारा इलाके में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास 2 आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षाबलों की कार्रवाई में दोनों मारे गए।

बढ़ता TOON!

भाजपा विधायक दल की बैठक

जनता से किए गए वादों को पूरा कर रही भाजपा सरकार : सीएम

कहा : गत एक वर्ष की उपलब्धियों को सदन में मजबूती के साथ रखें विधायक

नए विधायकों को सदन में मिले पूरा मौका, सीनियर विधायकों के अनुभव का हो उपयोग

सीएम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता आमजन के प्रत्येक सुख-दुख में शामिल होता है। लूट और झूठ की कांग्रेस पार्टी का पिछला कार्यकाल पेपरलीक, भ्रष्टाचार और घोटालों में लिप्त रहा। यही कारण है कि वर्तमान में भाजपा का पूरे देश में सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत है तथा हमारे कार्यकर्ता का यह समर्पित भाव आगे भी जारी रहेगा।

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संकल्प पत्र में 50 से 55 प्रतिशत वादे पूरे कर चुकी है। हमने किसान, महिला, युवा एवं मजदूर सहित हर वर्ग के लिए काम किए हैं तथा इतने कम समय में सभी काम धरातल पर उतर भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा गत एक वर्ष का परफॉर्मेंस अच्छा रहा है। ऐसे में, विधानसभा के आगामी सत्र में सरकार की इन सभी उपलब्धियों को सदन में मजबूती के साथ रखें।

शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान की प्राथमिकताओं को समझते हुए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जहां संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे निर्णय लिए गए हैं। वहीं, बिजली की निर्बाध आपूर्ति तथा किसानों को दिन में बिजली देने के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य में ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर निवेश लाया जा रहा है। इन निर्णयों से राजस्थान का किसान तथा आमजन खुशहाल है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भजनलाल सरकार आमजन की सरकार है। विकास पुरूष मुख्यमंत्री भजनलाल जी के नेतृत्व में राजस्थान नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है तथा राज्य सरकार के लिए राज्य का विकास ही सबसे ऊपर है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में खजाना खाली छोड़ कर गई थी लेकिन अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकास के लिए किसी भी तरह के वित्तीय संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने पार्टी के सभी मंत्रिगण-विधायकगणों को विधानसभा में नियमित उपस्थिति देते हुए राज्य सरकार के विजन को सदन में रखने के लिए कहा।

शर्मा ने कहा कि नए विधायकों को सदन में पूरा मौका मिले तथा सीनियर विधायकों के अनुभव का उपयोग करते हुए सदन की स्वस्थ परम्पराएं कायम रखें। मुख्यमंत्री ने विधायकों से विधानसभा में अपनी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, सदन में सरकार के निर्णयों को मजबूती से रखने, विधानसभा के नियम-प्रक्रियाओं का समुचित अध्ययन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित मंत्रीगण एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायकगण उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रयागराज महाकुम्भ में हुए हादसें में श्रद्धालुओं की मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।

चुनाव आयोग बोला

केजरीवाल यमुना में जहर का सबूत दें

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच यमुना के पानी को लेकर अरविंद केजरीवाल और चुनाव आयोग के बीच गुरुवार को जमकर बयानबाजी हुई। चुनाव आयोग ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखी और 5 सवाल किए। आयोग ने पूछा- यमुना के पानी में किस जगह जहर मिला, सबूत दें। अमोनिया के बढ़ते लेवल के मुद्दे को जहर आदि के आरोपों से मिलाए बिना 31 जनवरी सुबह 11 बजे तक जवाब दें, वर्ना कार्रवाई की जाएगी।

इस पर अरविंद केजरीवाल ने कहा- दिल्ली में खुलेआम पैसे और चादरें बांटी जा रही हैं। चुनाव आयोग इस पर कार्रवाई नहीं करता। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। यमुना के पानी की 3 बोतलें भेजेंगे। राजीव कुमार प्रेस कॉन्फ्रेंस में पानी पीकर दिखा दें। केजरीवाल ने कहा- राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। उन्हें रिटायरमेंट के बाद नौकरी चाहिए। उन्होंने चुनाव आयोग का कबाड़ा कर दिया। उन्होंने जैसी भाषा आज लिखी है ये ईसी का काम नहीं है। उन्हें इतिहास माफ नहीं करेगा।

सोलहवीं विधान सभा का तृतीय सत्र आज से शुरू

विधानसभा अध्यक्ष ने तैयारियों का जायजा लिया

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को यहां विधान सभा में शुक्रवार से प्रारंभ होने जा रहे तृतीय सत्र की तैयारियों का जायजा लिया।

श्री देवनानी ने विधान सभा सदन, राज्यपाल के अगवानी स्थल, चिकित्सा व्यवस्था, कैंटीन सहित विभिन्न कक्षों को देखा और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

विधान सभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने विधान सभा परिसर में मीडिया के छायाकारों के लिये की गई व्यवस्था का भी अवलोकन

किया। श्री देवनानी ने मीडिया के लिये किये गये प्रबंधन को देखा और उनके लिये बेहतर व्यवस्था बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

राज्यपाल का अभिभाषण शुक्रवार को प्रात: 11.00 बजे से: सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र का शुभारम्भ शुक्रवार को प्रात: 11.00 बजे राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण से होगा। राज्यपाल के विधान सभा पहुंचने पर विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी , मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करेंगे।

राजस्थान सरकार ने 134 पीटीआई को बर्खास्त किया

शिक्षा मंत्री बोले- दोषियों से वसूली होगी, सख्त कार्रवाई की जाएगी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। भजनलाल सरकार ने पीटीआई भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले 134 शारीरिक शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है।

गुरुवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया- पूर्व सरकार के कार्यकाल में हुई पीटीआई भर्ती में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। इसमें जांच के बाद 134 पीटीआई को बर्खास्त कर दिया है। दोषियों से वसूली के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मदन दिलावर ने गुरुवार को जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- स्पेशल ऑपरेशन टीम ने हमें 243 शारीरिक

शिक्षकों के खिलाफ रिपोर्ट दी थी। उन्होंने बताया था कि कांग्रेस सरकार के वक्त हुई पीटीआई भर्ती में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है। शिक्षा विभाग की ओर से की गई शुरुआती जांच के बाद हमने 134 शारीरिक शिक्षक, जिन्हें नियुक्ति दे दी गई थी। उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया है।

संसद के बजट सत्र शुरूआत आज से

सर्वदलीय बैठक हुई आयोजित

31 जनवरी को जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति का अभिभाषण

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। यह बैठक संसद के एनेक्सी में आयोजित की गई। मीटिंग में आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्र सरकार सभी दलों के साथ चर्चा की गई। बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी अध्यक्षता की।

संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को पार्लियामेंट के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि मीटिंग अच्छी रही। पार्टी नेताओं ने कुछ मुद्दे उठाए हैं और उन पर चर्चा की मांग की। कमेटी तय करेगी कि किन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस नेता बोले- इंडिया ब्लॉक के सभी नेता एक साथ मुद्दे उठाएंगे बैठक में पहुंचे कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्षी नेताओं ने फैसला किया है कि इंडिया ब्लॉक बजट सत्र में कुंभ, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों पर चर्चा चाहती है।

उन्होंने कहा कि कुंभ में वीआईपी लोगों के आने के कारण आम आदमी परेशान हो रहे हैं।

बजट सत्र दो चरणों में, 6 फरवरी को पीएम मोदी देंगे जवाब बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसमें नौ बैठकें होंगी।

पीएम मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी तक स्थगित हो जाएंगे। सत्र का दूसरा चरण 10

मार्च को शुरू होगा जो 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा।

बजट होता क्या है? जिस तरह से हमें अपने घर को चलाने के लिए एक बजट की जरूरत होती है, उसी तरह से देश को चलाने के लिए भी बजट की जरूरत पड़ती है। हम अपने घर का जो बजट बनाते हैं, वो आमतौर पर महीनेभर का होता है। इसमें हम हिसाब-किताब लगाते हैं कि इस महीने हमने कितना खर्च किया और कितना कमाया। इसी तरह से देश का बजट भी होता है। इसमें सालभर के खर्च और कमाई का लेखा-जोखा होता है। इस बार वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण लगातार 8वां बजट पेश करेंगी। इसमें 6 बड़ी घोषणाएं की जा सकती हैं। इन घोषणाओं को हमने तीन आधार पर चुना है। लोगों की जरूरत, बीजेपी का मेनिफेस्टो, सरकार और मीडिया रिपोर्ट।

सरकार बजट सेशन में 16 बिल ला सकती है

इसमें वक्फ संशोधन समेत 12 बिल पिछले साल लाई, 4 नए बिल इस सेशन में आएंगे

संसद का बजट सत्र शुक्रवार (31 जनवरी) से शुरू हो रहा है। इस सत्र में 16 बिल आ सकते हैं। इसमें वक्फ अमेंडमेंट बिल समेत 12 बिल 2024 के मानसून और विंटर सेशन में लाए गए थे। चार नए बिल में फाइनेंस बिल के अलावा प्रोटेक्शन ऑफ इंट्रेस्ट इन एयरक्राफ्ट ऑब्जेक्ट्स, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी और इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल शामिल हैं। पुराने बिल में वक्फ अमेंडमेंट बिल सबसे महत्वपूर्ण है। इसे पिछले साल 8 अगस्त को संसद में पेश किया गया था। हालांकि संशोधनों पर सहमति के लिए सरकार ने इसे जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी को सौंप दिया था। जेपीसी के चेयरमैन जगदंबिका पाल ने गुरुवार (30 जनवरी) को अपनी रिपोर्ट स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी है।

सम्पादकीय

महाकुंभ में भगदड़ का सबक करोड़ों के इंतजाम धरे रह गए, हर बार दोहराई गई वही लापरवाही

महाकुंभ में मची भगदड़ ने पुराने जख्मों को कुरेद दिया है। आजादी के बाद से लेकर अब तक के कुंभ मेलों में कई बार भगदड़ मची है। सैकड़ों लोगों की मौत भी हुई, लेकिन उन सभी हादसों से कभी सबक नहीं लिया गया। हर बार कोई न कोई लापरवाही या व्यवस्था में खामी ही सामने आई। ज्यादातर मामलों में प्रशासन भीड़ को काबू करने में नाकाम रहा। पिछले कुंभ में भी यही हुआ था, जब बड़ी संख्या में प्रयागराज पहुंचे श्रद्धालुओं को रेलवे और जिला प्रशासन संभाल नहीं पाया। स्टेशन पर बने 'फुटब्रिज' पर भगदड़ मची और बयालीस लोगों की मौत हो गई थी। इस बार भी ऐसा ही हुआ। महाकुंभ की सुरक्षा संभाल रहे जिम्मेदार लोगों को पता था कि मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में लोग स्नान के लिए आएंगे, तो इसकी व्यवस्था उसी के अनुरूप क्यों नहीं की गई। स्पष्ट है कि भीड़ प्रबंधन के ठोस उपाय नहीं किए गए। कोई ज्यादा दिन नहीं हुए, जब कुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना हुई थी। तब से वहां सुरक्षा बंदोबस्त बढ़ा दिए गए थे। ऐसे में लाखों-करोड़ों लोगों के जुटान को देखते हुए कई स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था करने की आवश्यकता थी। यह दुखद है कि हर कुंभ मेले के आयोजन के बाद और बेहतर तैयारियां तथा सुरक्षा प्रबंध पुख्ता करने के दावे किए जाते हैं। मगर हादसे नहीं थमते। इस बार महाकुंभ से पहले ही अनुमान लगाया जा रहा था कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्थल पर पहुंचेंगे। कुंभ मेला स्थल तैयार करते समय अनुभवी अधिकारियों को क्या अनुमान नहीं था कि इस बार बेहिसाब भीड़ पहुंचेगी? जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं और जो आंकड़े दिए जा रहे हैं, उस हिसाब से तो कुंभ परिसर और नदी के तट अपर्याप्त हैं। इस समय उत्तर प्रदेश सरकार का पूरा अमला आयोजन को सफल बनाने में जुटा है। फिर भी कहां कमी रह गई, यह सवाल स्वाभाविक है। संगम पर लगातार भीड़ बढ़ने और उस पर नियंत्रण के लिए पहले से आकलन क्यों नहीं किया गया? यह सुरक्षाकर्मियों की भी लापरवाही है, क्योंकि वे समय पर संकट को भांप नहीं पाए। मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत होने बात कही जा रही है। 60 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इस बीच विपक्षी दलों को भी आयोजन में बदइंतजामी का आरोप लगाने का स्वाभाविक अवसर मिल गया है, लेकिन इसी के साथ यह सवाल उठना लाजिमी है कि तैयारियों में कमी कहां रह गई। इस आयोजन के लिए कई हजार करोड़ की राशि खर्च की गई। अत्यधिक प्रचार का असर यह हुआ कि देश के कोने-कोने में रह रहे श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान करने का मानस बना लिया।

नतीजा यह हुआ कि लाखों-करोड़ों लोग अलग-अलग परिवहन साधनों से संगम की ओर चल पड़े। तेरह जनवरी से शुरू हुए इस आयोजन के शुरुआती दौर में ही लाखों श्रद्धालुओं का जुटान होने लगा था। ऐसे में इतने लोगों के लिए पूरे शहर और मेला क्षेत्र में ठहरने के वैकल्पिक प्रबंध करने की आवश्यकता थी। इससे श्रद्धालु एक निश्चित संख्या में क्रम से संगम की ओर जाते और वहां से निकलते जाते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सभी इंतजाम धरे के धरे रह गए। करोड़ों की भीड़ को संभालने के लिए सात स्तरीय सुरक्षा भी काम नहीं आई। फिलहाल यह हादसा एक बार फिर कड़ा सबक दे गया है।

आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

31 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुगल बादशाह अकबर के संरक्षक बैरम खाँ की 1561 में गुजरात के पाटण में हत्या कर दी गई।
- ब्रिटेन की रानी एलिज़ाबेथ प्रथम के आदेश पर 1599 में भारत में ब्रिटेन की पहली ईस्ट इंडिया कम्पनी की स्थापना हुई।
- ब्रिटेन में तख़्त के खिलाफ साजिश करने वाले गाइफ़ाक्स को 1606 में मौत के घाट उतार दिया।
- चीन में 1850 को ताए पींगहा (जनता का संकल्प) नाम से सबसे बड़ा जनान्दोलन आरंभ हुआ।
- अमेरिका में 'दासता उन्मूलन' संबंधी 13वां संशोधन विधेयक 1865 में स्वीकृत हुआ।
- अफगानिस्तान के अमीर के मर्व को रूसी फौजों ने 1884 में छीन लिया।
- अमेरिका में पहली बार 1893 में 'कोका कोला' ट्रेडमार्क का पेटेंट किया गया।
- 'प्रथम विश्व युद्ध' के दौरान जर्मनी ने 1915 में रूस के ख़िलाफ़ ज़हरीली गैस का इस्तेमाल किया।
- 1943 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के फ़ील्ड मार्शल फ्रेडरिक पोलस ने सोवियत संघ की सेना के समक्ष हथियार डाले।
- तत्कालीन सोवियत संघ के मॉडल के आधार पर 31 जनवरी, 1946 को यूगोस्लाविया के 6 देशों (बोस्त्रिया-हर्जेगोविना, सर्बिया, मैसेडोनिया, मोंटेनेग्रो, स्लोवेनिया, क्रोएशिया) का विघटन।
- 1953 में हुए आईरिश सागर में नौका दुर्घटना में चालक दल के सदस्यों के साथ कम से कम 200 यात्रियों की मौत हो गई।
- अबादान से तेहरान तक पाइपलाइन बिछाने का काम 1957 में पूरा हुआ।
- अमेरिका ने 1958 में पहले भू-उपग्रह का प्रक्षेपण किया।
- अमेरिकी देशों के संगठन ने 1962 में क्यूबा को न शामिल करने का फैसला किया।
- मोर को 1963 में भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया।
- सोवियत संघ ने 31 जनवरी, साल 1966 को लूना कार्यक्रम के तहत मानवरहित लूना 9 स्पेशक्राफ्ट की लांचिंग की।
- प्रशान्त महासागर में स्थित द्वीपीय देश नौरू को 1968 में आस्ट्रेलिया से स्वाधीनता मिली।
- अमेरिका ने 1968 में नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- पूर्व और पश्चिमी बर्लिन के बीच 19 साल के अंतराल के बाद 1971 में फिर से टेलीफोन सेवा बहाल हुई।
- बीरेनद्र बीर बिक्रम शाह 1972 में नेपाल के 12वें राजा बने।
- पेन अमेरिका एयरवेज़ का विमान 1974 में अमेरिकी सीमाओं में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें लगभग 25 लोग मारे गये।
- चीन ने 1979 में सोवियत संघ को विश्वयुद्ध भड़काने वाला मुख्य देश होने का आरोप लगाया।
- कोलकाता में 1983 को पहला शुष्क बंदरगाह शुरू हुआ।
- श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 1996 में हुए आत्मघाती हमले में 86 की मौत, 1400 घायल।
- सन 2000 में हवाला केस के सभी आरोपी बरी।

विशेष आलेख

क्या बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरेगा?

– ललित गर्ग

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। यह केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण वित्तीय बजट होगा। इस बार के बजट से हर सेक्टर की बड़ी उम्मीदें टिकी हुई हैं, इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। टैक्सपेयर्स भी इस बार वित्तमंत्री से इनकम टैक्स में राहत देने की उम्मीद कर रहा है। मिडिल-क्लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उम्मीद है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा।

संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार बजट सत्र 2025 में नया आयकर कानून पेश करने की योजना बना रही है, जो करदाताओं को लाभान्वित करेगा और कर प्रणाली को सरल बनाएगा। इसके अलावा, सरकार इस बार के बजट में शेयर से होने वाली कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान कर सकती है। इसमें शेयरों से मिलने वाले लाभांश, ब्याज से होने वाली कमाई और पूंजीगत लाभ पर भी टैक्स लगाया जा सकता है। यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की जा सकती हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फ़ैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन शुल्कों को और तर्कसंगत बनाकर आम लोगों को कुछ राहत दे। अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोज़गार के अवसरों को भी कम किया है जबकि महंगाई के हिसाब से मज़दूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से ख़ासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है। जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोज़गार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्य वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आई है। इन परेशानियों एवं चिन्ताओं को कम करने में इस बार का बजट राहतभरा होने की उम्मीदे हैं। बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई जा सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं, जिससे मानव संसाधन का विकास हो सके। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए अतिरिक्त अनुदान दिया जा सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और चिकित्सा के क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। 卐मेक इन इंडिया卐 पहल के तहत स्वदेशी हथियार निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। साइबर खतरों से निपटने के लिए रक्षा बजट का एक हिस्सा डिजिटल सुरक्षा पर केंद्रित हो सकता है। बुलेट ट्रेन परियोजनाओं और रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण को गति दी जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सब्सिडी और बैटरी निर्माण में निवेश बढ़ाने की योजनाएं पेश की जा सकती हैं। 卐गरीब कल्याण अन्न योजना卐 का विस्तार कर मुफ्त राशन वितरण को जारी रखा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घर उपलब्ध कराने के लिए बजट बढ़ाया जाएगा। यह बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय होगा क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है।

भगदड़ मचने के कारण और एहतियाती कदम !

– सुनिल कुमार महला

हाल ही में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस दर्दनाक हादसे में 90 लोग घायल हो गए। दरअसल,संगम तट से पहले बने द्वार के पास रात करीब 1 बजे भगदड़ की स्थिति बनी। वास्तव में, कई श्रद्धालुओं की मौत और घायल होने से यकायक मेला स्थल पर अफरातफरी मच गई।

हालांकि,पुलिस, प्रशासन, आपदा प्रबंधन की टीम ने तत्परता दिखाते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन जो हुआ है वह बहुत ही दुखद है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में 28 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया के सियोल के इटावन में हैलोवीन कार्यक्रम के दौरान 150 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और 2 अक्टूबर को इंडोनेशिया के मलंग में एक फुटबॉल मैच के बाद 130 से अधिक लोगों की मौत का कारण बनी भगदड़ से पता चलता है कि भगदड़ कितनी खतरनाक होती है। वास्तव में किसी भगदड़ में मौत का सबसे आम कारण कंप्रेसिव एस्फिक्सिया को माना जाता है, जो एक खतरनाक स्थिति है, यह तब होती है जब शरीर पर बाहरी दबाव के कारण सांस लेना बंद हो जाता है?। पाठकों को जानकारी के लिए बताता चलूं कि महाकुंभ में स्नान के लिए 45 घाट बनाए गए हैं, लेकिन लोग मुख्य संगम पर ही स्नान करने की जिद करने लगे, जिससे भीड़ एक दूसरे को धक्का देते हुए आगे बढ़ने लगी और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगे हुए बैरिकेटिंग टूटने लगे। बताया जा रहा है कुछ महिलाओं का दम घुटने लगा और वह नीचे गिरने लगी, जिससे भगदड़ और बढ़ गई और चीख पुकार मचने लगी। घटनास्थल का वह मंजर बड़ा ही भयावह था। वास्तव में,भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता या अभाव की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। अक्सर भगदड़ किसी अफवाह के कारण पैदा होती है और भगदड़ में लोग दिशाहीन होकर इधर-उधर भागने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दम घुटने व कुचलने से चोटिल होने एवं मृत्यु की घटनाएँ होती हैं। अक्सर भगदड़ मचने के पीछे जो कारण निहित होते हैं उनमें क्रमशः मनोरंजन कार्यक्रम, एस्केलेटर और मूविंग वॉकवे, खाद्य वितरण, जुलूस, प्राकृतिक आपदाएँ, धार्मिक आयोजन, धार्मिक/अन्य आयोजनों के दौरान आग लगने की घटनाएँ, दंगे, खेल आयोजन, मौसम संबंधी घटनाएँ आदि शामिल होते हैं। बैरिकेड्स, अवरोध, अस्थायी पुल, अस्थायी संरचनाएँ और पुल की रेलिंग का गिरना, दुर्गम क्षेत्र (पहाड़ियों की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल जहाँ पहुँचना मुश्किल है), फिसलन युक्त या कीचड़ युक्त मार्ग, संकरी गलियाँ एवं संकरी सीढ़ियाँ, खराब सुरक्षा रेलिंग, कम रोशनी वाली सीढ़ियाँ, बिना खिड़की वाली संरचना, संकीर्ण एवं बहुत कम प्रवेश या निकास स्थान, आपातकालीन निकास का अभाव भी बहुत बार भगदड़ के कारण बन सकते हैं। अप्रभावी भीड़ प्रबंधन तो भगदड़ मचने का कारण है ही। बहुत बार यह देखा जाता है कि किसी एक प्रमुख निकास मार्ग पर ही लोगों की निर्भरता होती है ,जो भगदड़ का कारण बन जाती है। आज अक्सर यह भी देखने को मिलता है कि किसी कार्यक्रम विशेष के लिए क्षमता से अधिक लोगों को अनुमति दे दी जाती है। बहुत से स्थानों पर उचित सार्वजनिक संबोधन प्रणाली का भी अभाव होता है, जिससे सूचना देने में दिक्कत आती है। भीड़ अनेक बार गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार अपनाती है और सुरक्षा नियमों का ठीक से पालन नहीं करती है। आग या बिजली का प्रसार भी अनेक बार भगदड़ मचने का कारण बन सकता है।

शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

अमित जैन
(युवा उद्योगपति व रोटेरियन)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं युवा उद्योगपति व रोटेरियन अमित जैन। 9 मार्च सन 1990 को अलवर में जन्में अमित युवा उद्योगपति व समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं।

अलवर से ग्रेजुएशन और सीए इंटर करने के बाद खुद का बिजनेस अंगद ब्रांड से सरसों का तेल पैकिंग के बाद पिछले 7 साल से अडानी विल्मर के लिए ऑयल पैक बनाने के लिए काम कर रहे हैं। 2020 में रोटरी जॉइन किया और समाजिक सेवा के क्षेत्र में शामिल हुए। 2023-2024 में ये रोटरी क्लब ऑफ अलवर फोर्ट के सचिव और 2024-2025 में कोषाध्यक्ष हैं। रोटरी क्लब में रहकर काफ़ी काम किये इन्होनें। कई संस्थाओं को जरुरत का सामान दिया गया। स्कूल और अनाथाश्रम में पोशाक वितरण कार्यक्रम कर बच्चों को सम्मान दिया। भीषण गर्मी में क्लब की ओर से पानी के टैंकरों की मदद से लोगों को पानी पिलाने का पुनित कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि इस साल गर्मी में 2 महीने का पानी के टैंकर सप्लाई की जाएगी। रोटरी क्लब के एसटीएच के साथ मिलकर 2 साल में 3000 पेड लगाए गए। पिछले 2 साल से विजन संस्था बिजली के घर के साथ भी अमित जुडे हुए हैं। बहुत ही होनहार युवा हैं हर समय लोगों की मदद के लिए तत्पर और तैयार रहते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनक उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

2025_030 a बढ़ता राजस्थान

Suduko

	5	7	2	6	3	4		
6	4	8			5			
			7	8				
	1		5		9		7	6
5	7	6		3	2			4
8		4			1		5	3
7	6	1	3					9
4			1		7	6	3	2
	3		4			7		1

Ans_2025_029

8	2	7	5	1	4	9	3	6
5	6	9	3	8	2	1	4	7
4	3	1	7	6	9	8	5	2
1	7	8	4	3	6	2	9	5
9	4	2	8	5	7	6	1	3
6	5	3	9	2	1	7	8	4
3	8	6	1	7	5	4	2	9
2	9	5	6	4	8	3	7	1
7	1	4	2	9	3	5	6	8

कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष

राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी।

वृष

राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

मिथुन

किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है।

कर्क

लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

सिंह

प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे।

कन्या

पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा।

तुला

आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है।

वृश्चिक

शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

धनु

पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे।

मकर

आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

कुंभ

घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी।

मीन

व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

मंत्री चौधरी एवं डॉ. मीणा ने लगाया खुला दरबार ,सुनीं शहर के नागरिकों की पेयजल समस्याएं

सवाई शहर में बिछेगी नवीन पेयजल लाइन

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी तथा कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर आमजन की पेयजल व अन्य समस्याओं को सुनकर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। इसके लिए राज्य सरकार प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। इस दौरान मंत्री कन्हैया लाल चौधरी एवं डॉ. किरोड़ी लाल मीणा संयुक्त रूप से शहर स्थित हरसहाय जी का कटला, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (72सीढ़ी) शहर सवाई माधोपुर, दण्डवीर बालाजी चौक, गुरूद्वारा शहर, हनुमान नगर चौराहा हाउसिंग बोर्ड, छाबड़ी चौक आलनपुर, शिव मंदिर रेलवे कॉलोनी, विद्युत विभाग खेरदा, सिद्धि विनायक गणेश मंदिर बजरिया, अणुव्रत भवन आदर्श नगर ए सहित शहर की विभिन्न कॉलोनियों में खुला दरबार लगाकर आमजन की पेयजल संबंधी समस्याओं को न सिर्फ सुना बल्कि मौके पर ही जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री कन्हैया लाल चौधरी एवं डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को स्थानीय महिलाओं ने पेयजल की समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि सिर्फ 5 मिनट की पेयजल आपूर्ति होती है और कभी-कभी तो सप्ताह भर पेयजल की सप्लाई नहीं होती। इस पर दोनों मंत्रियों ने महिलाओ को आश्वस्त किया कि आने वाले गर्मियों के दिनों में दो-दो घण्टे पेयजल आपूर्ति नलों से माध्यम से हर घर तक की जाएगी। साथ ही उन्होंने मौके पर उपस्थित अधीक्षण अभियंत जलदाय विभाग को पेयजल की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए है।

इस दौरान जलदाय मंत्री ने सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के समस्त शहरी क्षेत्रों में पेयजल की नवीन पाइपलाइन हेतु करीब 40 करोड़ रुपये की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नवीन पाइपलाइन बिछने से गंदे पानी की समस्या से आमजन को निजात मिलेगी एवं बनास नदी में नवीन कुंए खोदकर सवाई माधोपुर शहर में बनास नदी से शहर तक नवीन पेयजल लाईन बिछाई जाएगी। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को पूरे शहर में अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कनेक्शन विच्छेद करने के निर्देश प्रदान किए है।

करीब 38 करोड़ की लागत से होगा शहर की सड़को का निर्माण

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने आमजन को आश्वासन देते हुए कहा कि पूरे शहर में नवीन पेयजल लाईन बिछने के साथ करीब 38 करोड़ रूपए की लागत से शीघ्र ही शहर में सड़कों का सुदृढ़ीकरण व निर्माण करवाया जाएगा। वहीं शहर में नई पाइपलाइन डालकर जाएगी ताकि आमजन के घरों तक शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति की जा सके। उन्होंने राधाकृष्णा गौशाला में नवीन सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 20 लाख रूपए की घोषणा की। वहीं गौशाला के दोनों तरफ 25 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का शिलान्यास किया। इस दौरान नगर परिषद सभापति मेघा वर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बाबूलाल मीना, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग भगवान सहाय, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी गोविंद सहाय, अधिशाषी अभियंता जलदाय हरज्ञान मीना, नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना, पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

नवगठित डिग्गी नगरपालिका क्षैत्र का हुआ सीमा विस्तार

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। मालपुरा क्षैत्र की नवगठित डिग्गी नगरपालिका के क्षैत्र का सीमा विस्ताार किया गया है।

राज्य के स्वायत शासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार नवगठित डिग्गी नगरपालिका क्षैत्र का सीमा विस्तार किया गया है। विस्तारित सीमा क्षैत्र में ग्राम पंचायत किरावल के राजस्व ग्राम कुरथल का समस्त सीमा क्षैत्र, ग्राम पंचायत धोली के राजस्व ग्राम जयसिंहपुरा, भीपुर, नुक्कड़ (कल्याणपुरा)मालियो की ढाणी, मीणो की ढाणी का समस्त सीमा क्षैत्र तथा ग्राम पंचायत सोड़ा के राजस्व ग्राम बागरिया की ढाणी का समस्त सीमा क्षैत्र को नवगठित डिग्गी नगरपालिका में शामिल कर सीमा क्षैत्र का विस्तार किया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में करेगें शिरकत

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा स्थित वार्ड नं. 14 के खटीक मौहल्ले में खटीक समाज के मन्दिर में शिव परिवार व श्री बालाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 31 जनवरी शुक्रवार को होगा। भारतीय खटीक समाज महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर बड़गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी भाग लेगें। बड़गुर्जर ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 8 बजे मन्दिर में हाथी, घोड़े व शाही बग्गी च बेण्डबाजो के साथ भव्य कलश यात्रा का जुलुस रवाना होगा। यह जुलुस शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर कार्यक्रम स्थल मन्दिर पहुंचेगा। जहां 12 बजे बाद विद्धाल पण्डितो द्वारा भगवान शिव पंचायत सहित बालाजी महाराज की मूर्ति का भव्य प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित होगा।

जिला मजिस्ट्रेट डॉ. झा ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा ने 4 फरवरी को देवनारायण जयंती, 10 को विश्वकर्मा जयंती, 11 को स्वामी रामचरण जयंती, 12 को गुरु रविदास जयंती, 13 को शब ए बारात, 23 को गाडगे महाराज एवं महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती एवं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. झा ने बताया कि उपखंड मजिस्टेऊट टोंक को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी तरह उपखंड मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्टेऊट पीपलू को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि उपखंड मजिस्टेऊट देवली को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्टेऊट देवली को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दूनी को संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट नगरफोर्ट को संपूर्ण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र एवं उपखंड मजिस्ट्रेट टोडारायसिंह को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोडारायसिंह को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया हैं।

सुरक्षाविहीन खुले कुए में गिरे बाइक सवार युवक का शव बाहर निकाला

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। मालपुरा क्षैत्र के लावा ग्राम में मुख्य सड़क किनारे बने सुरक्षाविहीन खुले कुए में गिरे बाइक सवार युवक का शव काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। मामले के अनुसार बाइक सवार खुशीराम पुत्र रामकल्याण जाट निवासी बालापुरा तन लावा अपनी बाइक से जा रहा था। अचानक फिसल जाने के चलते डिग्गी सोहेला मुख्य सड़क किनारे लावा ग्राम के खुले कुए में अपनी बाइक सहित गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही सरपंच कमल जैन तुरन्त मौके पर पहुचे। वहीं घटना स्थल पर भारी संख्या में ग्रामीणो का जमावड़ा हो गया। घटना की जानकारी डिग्गी थाना पुलिस को मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने मौके पर जमा भीड़ को दूर कर ग्रामीणो की मदद से भारी मशक्कत बाइक सवार को बाहर निकाला जाकर चिकित्सको से जांच करवाई गई। चिकित्सको ने जांच के बाद मृत धोषित किया। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत द्वारा कूआ जलदाय विभाग का बताकर अपनी गलती छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणो का मानना है कि यह कुआ ग्राम पंचायत का है और यह खुला कुआ है। इस पर यदि पंचायत प्रशासन की ओर से सुरक्षा की दृष्टि से लोहे का जाल आदि लगा दिए जाते तो यह हादसा नहीं होता। इधर हादसे के बाद ग्रामीणो में पंचायत प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश देखा गया।

इनका कहना है :-

इस संबंध में जानकारी चाहने पर जलदाय विभाग की कनिष्ठ अभियन्ता हंसा चौधरी ने बताया कि लावा ग्राम के बस स्टेण्ड के नजदीक स्थित कुआ जलदाय विभाग का न होकर ग्राम पंचायत लावा का है। जलदाय विभाग तो केवल इस कुए को लावा ग्राम में पेयजल सप्लाई के लिए काम लेता था।

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में ग्राम लुहारा में रात्रि चौपाल का आयोजन

ग्रामीणों की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण कर राहत पहुंचाए-डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने निवाई उपखंड की ग्राम पंचायत लुहारा में बुधवार को आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की परिवेदनाओं को सुनकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी ग्रामीणों की परिवेदनाओं का सात दिवस में निस्तारण कर उन्हें राहत पहुंचाएं। जनसुनवाई में बिजली, पानी, सड़क, रास्तों पर अतिक्रमण, नालियों का निर्माण जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं

सामने आई। उन्होंने उपखंड अधिकारी सुरेश चंद्र हरसोलिया एवं संबंधित विभागों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि आमजन की शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें ताकि उन्हें कार्यालयों में बार-बार नहीं आना पड़े। जनसुनवाई में मोसिना ने नाली निर्माण करने, सूरज चौधरी ने आबादी भूमि पर अतिक्रमण हटाने एवं नाली निर्माण करने, मदन लाल बैरवा ने मानदेय बनवाने, रामस्वरूप गुर्जर ने रास्ते में मिट्टी डलवाने, हरिराम जाट ने चरागाह से अतिक्रमण हटवाने, राजवीर ने बंदरों के आंतक से मुक्ति दिलाने, हर घर नल कनेक्शन दिलाने एवं रास्ते से अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रार्थना दिया।

ग्रामीण इस्लाम खाँ ने प्रधानाचार्य की जांच कराने, मोहन लाल नायक ने रास्त सही कराने, सीताराम जांगिड़ ने आबादी भूमि को कन्वर्ट करने हेमराज चौधरी ने बालाजी मंदिर से रास्ता निर्माण करने के लिए कलेक्टर के समक्ष अपनी गुहार लगाई। रात्रि चौपाल के दौरान तहसीलदार नरेश गुर्जर, विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, सरपंच बिंदु कंवर समेत जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता बापू को अर्पित किए श्रद्धासुमन

दो मिनट का मौन रखकर किया शहीदों को नमन

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में शहीद दिवस पर गुरुवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने गुलाब बाग में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वहीं दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की। जिला कलक्टर ने युवा पीढी को गांधी दर्शन को समझने तथा आत्मसात करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हमें महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। युवा पीढी एवं बच्चे गांधी के आदर्शो को समझे तथा जीवन में उतारें। इस दौरान महात्मा गांधी के आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर बापू के प्रिय 'भजन रघुपति राघव राजा राम', ''वैष्णव जन तो तैने कहिए, पीर पराई जाणे रे'', रामधुनि की गई।

कोटा-लालसोट मेगा हाइवे पर हुआ हादसा

बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत, एक जना घायल

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। भाड़ौती क्षेत्र में कोटा-लालसोट मेगा हाइवे पर मलारना चौड़ कस्बे के निकट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने बुधवार देर शाम बस की चपेट में आने से बाइक पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक जना गंभीर घायल हो गया। थानाधिकारी जितेंद कुमार सोलंकी ने बताया कि भरतलाल (55) पुत्र श्रवणलाल मीणा व चतरु लाल (78) पुत्र जसराम मीणा निवासी मलारना चौड़ की मौत की पुष्टि की है। जबकि घायल राम खिलाड़ी (42) पुत्र रामकिशन मीणा तारणपुर का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। हेड कांस्टेबल प्रतिपाल ने बताया कि मृतक व रामखिलाड़ी मीणा के साथ मोटरसाइकिल पर बैठ कर मलारना चौड़ से तारणपुर की तरफ जा रहे थे।

सरकारी स्कूल के पास पीछे से आई देहली नबर की बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे तीनों गंभीर घायल हो गए। हादसे का पता चलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को

भाड़ौती सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इनमें भरतलाल तथा चतरू लाल की मौत हो गई। उधर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर बस चालक को डिटेन कर लिया।

गोवंश बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार देहली नबर की बस पर्यटकों को लेने सवाईमाधोपुर की तरफ जा रही थी। इसमें पर्यटक नहीं थे।

घटना स्थल के पास हाइवे पर गोवंश बैठा था। इससे बचने के लिए बाइक चालक ने स्पीड कम की तो पीछे आ रही बस ने बाइक को टक्कर मार दी।

चौथ माता आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग से बनेगा फुटपाथ

जल्द शुरू होगा चौथ का बरवाड़ा से चौरू मार्ग का चौड़ाईकरण का कार्य

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। चौथकाबरवाड़ा सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से चौथ का बरवाड़ा से चौरू मार्ग का चौड़ाईकरण का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसको लेकर विभाग ने पिछले दिनों क्षेत्रीय विधायक की ओर से शिलान्यास करवाया गया था। गौरतलब है कि चौथ का बरवाड़ा से चौरू मार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण वाहन चालकों को विशेष कर चौथ माता के दर आने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में क्षेत्र के लोगों की ओर से लगातार इस मार्ग की चौड़ाईकरण करवाने की मांग उठाई जा रही थी। राज्य सरकार ने क्षेत्र के लोगों की मांग पर सड़क की चौड़ाईकरण करने को लेकर बजट जारी किया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जितेंद्र मीणा ने बताया कि चौथ का बरवाड़ा से चौरू मार्ग की चौड़ाईकरण के कार्य के लिए सरकार ने 15 करोड़ का बजट जारी कर दिया है और इसका शिलान्यास भी हो गया है। जल्द ही इस मार्ग के चौड़ाईकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

एक महीने में काम होगा शुरू

जानकारी के अनुसार पावडेरा फाटक के पास सड़क निर्माण में उपयोग में आने वाली सामग्री को लेकर

प्लांट लगाया गया है। ऐसे में एक महीने के अंदर अंदर सड़क की चौड़ाईकरण का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके अलावा चौथ माता के आने वाले पैदल यात्रियों के लेकर भी अलग से फुटपाथ का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। जिससे माता के आने वाले भक्तों को परेशानी ना हो।

वाहनों की बढ़ेगी गति

चौथ का बरवाड़ा से चौरू मार्ग का चौड़ाईकरण होने के बाद वाहनों की गति भी बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में 7 फीट का रोड होने तथा वह भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहन चालकों को परेशान होना पड़ता है। इसके अलावा वाहनों की गति भी धीमी रहती है। ऐसे में 10 किलोमीटर के इस मार्ग से आने-जाने में एक घंटे के करीब का समय लग जाता है।

ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। सुभाष सर्किल के नजदीक स्थित राजकीय बालिका उमावि में महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में चलाए जा रहे मरू उडान कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरूवार को ब्लाक स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवक्षक प्रज्ञा मोटवानी, ने छात्राओँ को मरू उडान कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी देकर छात्राओं से शारिरीक एवं मानसिक स्वास्थ्य, वित्तीय प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, आत्म रक्षा जैसे गंभीर विषयो पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानाचार्यया अनुपमा कालरा ने कार्यकम कोू बहुत रोचक और

ज्ञानवर्धक बताया। साथ ही छात्राओं को बताए गए हेल्पलाइन नम्बरो को याद रखने, अपनी अन्य जानकार महिलाओं एवं सुरक्षा सखी के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में सिकोईडिकोन संस्था के शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी, समन्वयक मोहन मीणा, मोनिका खारोल, मधुबाला टेलर, सुशीला शर्मा भी मौजुद रहे। कार्यक्रम के अंत में शहिद दिवस के मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण करते हुए मौन प्रार्थना की गई। गोरतलब है कि राजस्थान मरू उडान कार्यक्रम बाड़ूमेर जिले में नवाचार के रूप में जिला कलक्टर की पहल पर शुरू किया गया था। अभियान की उपयोगिता को ध्यान मे रखते हुए राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी जिलो में यह कार्यक्रम शुरू किया गया। इसी के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एक ही तेल में बार-बार तल रहे थे कचौड़ी व पकौड़े, मौके पर नष्ट कराया तेल

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल ख़ान और जिला कलक्टर शुभम् चौधरी के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि सवाई माधोपुर में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है, इसके तहत लगातार सवाई माधोपुर व सवाई माधोपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में मिलावट

खोरी पर अंकुश लगाने व आमजन को शुध्द खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए नमूनीकरण व निरीक्षण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेदप्रकाश पूर्विया व नितेश गौतम ने गुरुवार को पारस मिष्ठान भंडार पर जहाँ कड़ाही में जिस तेल में खाद्य सामग्री तली जा रही थी उसे टीपीसी मीटर से चेक करने पर तेल का टीपीसी वैल्यू 25 से ज़्यादा पाया गया जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। साथ ही चेतावनी भी दी गयी कि भविष्य में ऐसा दोबारा पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी बजरिया स्थित विभिन्न दुकानों पर खाद्य सामग्री तेल तली जा रही थी वहां पर मीटर से जांच कर तेल की शुद्धता को मापा गया। विभागीय टीम द्वारा क़रीब एक दर्जन से ज़्यादा दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा सभी को सफ़ाई रखने व अच्छी गुणवत्तायुक्त खाद्य तेल प्रयोग करने, शुद्ध सामग्री रखने व बेचने के लिए समझाइश की गई। सभी खाद्य व्यापारियों को खाद्य पदार्थ तलने में काम लेने वाले तेल को 3-4 बार से अधिक तलने के काम में नहीं लेने के लिए पाबंद किया गया। एक ही तेल को बार बार काम में लेने से कैंसर व हार्ट संबंधी बीमारियां होती है।

जिस भी व्यापारी के यहाँ इस तरह का तेल काम में लिया जा रहा था उसे मोके पर ही नष्ट कराया गया। सभी व्यापारियों को उच्च गुणवक्ता युक्त सामग्री बेचने के लिए समझाया गया। आगे भी यह कारवाही निरंतर रूप से जारी रहेगी। आलनपुर स्थित रिलायंस स्मार्ट पॉइंट से 10 नमूने घी, बेसन, सूजी, रॉक साल्ट, हल्दी, मिर्च, धनिया पाउडर के लिए गए, न्यू सरोज किराना स्टोर से 16 नमूने बेसन,तेल,सूजी, बूरा व मसालो के नमूने लिए गये।

विधायक को माफी मांग अपने इंजन को ठीक कर जिला बनाना ही होगा : रामेश्वर धाकड़

बढ़ता राजस्थान

शाहपुरा (नि.स.)। जिला बचाओ आंदोलन के 30 वे दिन गुरुवार को धरना दिया गया । समाजसेवी रामप्रसाद धाकड़ ने बताया कि धाकड़ समाज के लक्ष्मी नारायण मंदिर से वाहन रैली के रूप में कालिंजरी गेट, बालाजी की छतरी तथा त्रिमूर्ति चौराहा तक पूरे शहर को जिला बचाओ के नारों से गूंजायावान कर दिया । त्रिमूर्ति चौराहे पर वाहन खड़े कर पैदल मार्च किया तथा जिला बचाओ के उदघोष लगाते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सोपा गया ।तत्पश्चात समाज के प्रमुख जनों को जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा तथा संयोजक राम प्रसाद जाट ने सभी समाज बंधुओ को धरना स्थल पर बिठाकर माल्यार्पण किया । हनुमान धाकड़ ने जिला बचाने को लेकर उदबोधन दिया तथा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक तथा अखिल भारतीय युवा संघ के प्रदेश महामंत्री व राष्ट्रीय घुमंतू जनजाति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर लाल धाकड़ ने शाहपुरा अभिभाषक संघ के आंदोलन को समर्थन करते हुए कहा कि शाहपुरा विधायक को छलवा, झूठ ,विश्वासघात से ऊपर उठकर शाहपुरा की जनता से माफी मांग कर जिला बचाने में अहम भूमिका निभाए। जिला पूर्व में था लेकिन 60,000 वोटो से जीताकर जिले की विकास की गंगा बहाने के लिए वोटो की गंगा बहाई तथा न कि जिला हटाने के लिए। धाकड़ ने चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते मांग नहीं मानी गई तो उग्र आंदोलन शाहपुरा जिला के प्रत्येक गांव से धरना देकर सड़के जाम की जाएगी तथा डबल इंजन में राजस्थान सरकार की इंजन में तेल नहीं होने तथा खराब इंजन होने को ठीक करने की चेतावनी दी ।धरने में समाज के अध्यक्ष देवीलाल धाकड़ ,जगदीश मोडूराम धाकड़, रामप्रसाद धाकड़ ,हनुमान धाकड़ ,रामेश्वर लाल धाकड़, लक्ष्मी नारायण धाकड़ , पूर्व पार्षद रमेश धाकड़, रामलाल धाकड़ ,श्री राम धाकड़ ,राजू धाकड़, गोपाल धाकड़ ,कमलेश धाकड़ ,रामकिशन धाकड़ ,जय किशन धाकड़ ,छगन धाकड़ ,पूर्व पार्षद पप्पू धाकड़ , कैलाश धाकड़ ,कालूराम धाकड़ ,ओमप्रकाश धाकड़ ,शोभाराम धाकड़ ,उदय लाल धाकड़, लादू लाल धाकड़, सत्यनारायण धाकड़, राजमल धाकड़, भेरूलाल धाकड़ ,दिनेश धाकड़ ,मगन धाकड़ ,समाज के कई प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे ।

पीएफसी एज्यूकेशन के छात्रों ने एसीसीए में रचा इतिहास

दिसंबर अटेम्प्ट में 5 छात्रों ने एसीसीए एफिलिएट बनकर किया संस्थान का नाम रोशन

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। पीएफसी एज्यूकेशन के छात्रों ने दिसंबर अटेम्प्ट में पाँच होनहार छात्रों ने एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफ़ाइड अकाउंटेंट्स (एसीसीए) की परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर एसीसीए एफिलिएट बनने का गौरव प्राप्त किया है। यह सफलता न केवल इन छात्रों के लिए, बल्कि संस्थान के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है।

संस्थान की निदेशक मिनाक्षी भेरवानी ने बताया कि एसीसीए एफिलिएट रोहन जैन (एसबीएल - 71 प्रतिशत),गुंजन वाधवानी (एसबीएल-54 प्रतिशत),फलक दंगरवाल,मीना सुतार (एएफएम-55 प्रतिशत),प्रियांसी जैन (एएफएम-53 प्रतिशत),प्रोफेशनल स्तर पर हार्दिक सिंघवी (एसबीएल-55 प्रतिशत),वंदना धनजानी (एसबीएल-71 प्रतिशत),हर्षदीप बाबेल(एसबीएल-57 प्रतिशत),हनीषा सेखवानी (एसबीएल-55 प्रतिशत),बुरहानुद्दीन पाइपरमेंट (एसबीएल-63 प्रतिशत),पवित्र भट्ट (एसबीएल-58 प्रतिशत),हुसैन अली बोहरा (एएफएम-52 प्रतिशत),स्किल स्तर पर खुशी तेजवानी (एफआर-82 प्रतिशत),अली असगर पटवा (एफआर-62 प्रतिशत),हसन मोहम्मद(एफआर-55 प्रतिशत),मोइज़ तमाटिया (एफआर-54 प्रतिशत),हीरल कस्तूरी (एफआर-56 प्रतिशत),चक्षु रांका (एफआर-71 प्रतिशत),तुषार शिवनानी (एफआर-58 प्रतिशत),मोहम्मद पृथ्वीराज (एफआर-50प्रतिशत),जीत भट्ट (एफआर-54 प्रतिशत),श्रृष्टि कुमावत (एफआर-66 प्रतिशत),हार्दिक सिंघवी (पीएम-55 प्रतिशत),हुसैन अली बोहरा (टैक्स-66 प्रतिशत),मनीषा सुवालका (एफएम-64 प्रतिशत),अनुष्का खमसेरा (एफएम-62 प्रतिशत),तंज़ील अमर (एफएम-76 प्रतिशत),प्रथम नेभनानी (एफएम-84 प्रतिशत),दीपांशु बोहरा (एफएम-68 प्रतिशत),श्रृष्टि कुमावत (एफएम-65 प्रतिशत),महीप राठौरा (एफएम-68 प्रतिशत),मानन बबेल (एफएम-63 प्रतिशत),चक्षु रांका (एफएम-54 प्रतिशत),प्रियांश विजय (एफएम-74

प्रतिशत),आदित्य नागड़ा (एए-59 प्रतिशत),आस्था मंडान (एए-55 प्रतिशत) प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि नॉलेज स्तर की परीक्षा में सैयद ओज़ान अली (एफए- 71 प्रतिशत),महक पामेचा (एमए-54 प्रतिशत),विदी अग्रवाल (एमए-73 प्रतिशत) ने प्राप्त किये। पीएसी एज्यूकेशन के लिए यह सफलता एक नई दिशा की ओर इशारा करती है। संस्थान की निदेशक मीनाक्षी भेरवानी ने इस अवसर पर कहा कि यह सभी छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। इन छात्रों ने दिन-रात मेहनत की और इस सफलता को प्राप्त किया। हम उनके उज्जवल भविष्य के लिए उनके साथ खड़े हैं और उन्हें इस रास्ते पर सफलता की ऊँचाइयाँ छूने की शुभकामनाएँ देते हैं।

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने सोलर लैम्पों के संग्रह से सूर्य की सबसे बड़ा आकृति बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया

इन सोलर लैम्पों से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के घरों को रोशन करेंगे

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने बुधवार को सोलर लैम्पों से सूर्य की सबसे बड़ी आकृति बनाकर सूर्योदय अभियान का शुभारंभ कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह को सोलर लैम्पों के संग्रह से दुनिया में पहली बार ष्सूर्यश् की सबसे बड़ी आकृति बनाकर इस विश्व कीर्तिमान से सिटी पैलेस में सम्मानित किया है। डॉ. लक्ष्यराज सिंह का समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्पों में यह नौवां गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि ष्सूर्योदय अभियानश् की शुरूआत का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को सोलर लैंप वितरित कर उनको घरों को सौर ऊर्जा से रोशन कर पर्यावरण संरक्षण की जीवंत पहल करना है। सौर ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण की पहल होगी। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बिजली के बिलों का भार नहीं आएगा। सौर ऊर्जा के माध्यम से परिवार आत्मनिर्भर बनेंगे और उन्हें बाहरी ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। डॉ. लक्ष्यराज सिंह पिछले 7 साल में समाज सेवा-पर्यावरण संरक्षण-महिला स्वच्छता प्रबंधन, शिक्षा जैसे विषयों पर 9 गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित कर चुके हैं। उनका कहना है कि ये विश्व कीर्तिमान देश-दुनिया में समाज सेवा और नागरिक दायित्वों के निर्वहन की ज्योति जलाने की पुनीत सोच के साथ स्थापित किए हैं, जिसका क्रम अनवरत जारी रहेगा।

भाजपा राजसमंद के जिला अध्यक्ष का बामन टुंकड़ा मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। राजसमंद के केलवा क्षेत्र के बामन टुकड़ा में 44 श्रेणी पालीवाल समाज व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल का सामाजिक तौर पर स्वागत किया गया, इसके बाद भाजपा कार्यकर्त्ता मनीष दवे के निवास पर बड़ी संख्या मे मौजूद युवाओं ने जगदीश पालीवाल के जिला अध्यक्ष बनने पर शुभकामनायें देते हुए इकलाई व पगड़ी पहना कर स्वागत अभिन्दन किया, इस दौरान उपस्थित मोहन दवे, सुरेश जोशी, कमलेश दवे, प्रेम प्रजापति, सुरेश प्रजापति, भगवान लाल सुथार, प्रदीप दवे हवेली, महेश दवे, कैलाश बुनकर, भगवान लाल दवे, नारायण लाल बागोरा, गोपाल किशन लाल दवे, योगेश दवे शाहिद के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का मनाया सादगीपूर्ण जन्मदिन, मरीजों को बांटे फल, गौशाला और कबूतरों को दाना व चारा डाला

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रसून शुक्ला के नेतृत्व में मसूदा रोड़ स्थित गौशाला में गायों को गुड़, हरा चारा खिलाकर एवं विजयनगर रोड़ स्थित दादा बाडी में पक्षियों को 51 किलो अनाज डाल कर राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का जन्मदिन सादगी के साथ मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अमृतकौर चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल भी वितरित किए और कृषि मंडी के पास स्थित सेवा बस्ती में फल व मिठाई साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता मिशन के तहत स्वच्छता सैनिकों का सम्मान कर इन्हें भी मिठाई वितरित की। भाजपा किसान मोर्चा के शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने दिया कुमारी के उत्तम स्वास्थ और उनके दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की। इस दौरान भाजपा मंडल के पूर्व महामंत्री प्रमोद शर्मा, मंडल मंत्री मूलसिंह राजपुरोहित, ओबीसी मोर्चा के अनिल जांगिड़, शेरसिंह मरलेचा, मुकेश जांगड़ा, भावेश गंगवानी, आशीष मंगल, राजू सैन, कुंदन सेनी, अज्जू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीएमएचओ और पीएमओ ने हरी झंडी बताकर रवाना किया रैली को, शुरू हुआ कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा स्पर्श

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश रजक ने आर.के जिला चिकित्सालय से नर्सिंग छात्र - छात्राओं की कुष्ठ जागरूकता रैली को हरी झंडी बताकर रवाना किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है , चमड़ी पर सुन्न दाग, धब्बा हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच करवानी चाहियें। रोग की जांच एवं कुष्ठ निवारण के लिये दवाईंया राजकीय चिकित्सा संस्थानो पर बिल्कुल नि:शुल्क उपलब्ध है। उन्होंने सभी छात्र - छात्राओं से अपने आस - पड़ोस में संभावित रोगी के मिलने पर तुरंत चिकित्सा संस्थान पर जांच करवाने के लिये कहा। उन्होंने बताया कि स्पर्श अभियान के तहत आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा घर - घर सर्वे किया जायेगा साथ ही संदेहास्पद कुष्ठ रोगियो का सत्यापन करवाकर एमडीटी दवा चालु करवाये। अभियान आगामी 13 जनवरी तक संचालित किया जायेगा। अभियान के तहत स्कूलो में स्लोगन राइटिंग, ग्रुप मिटिंग, क्विज का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर डिप्टी सीएमएचओ ने बताया कि कुष्ट रोग से जुड़ी भ्रांतियो को भी समाज से हटाना है। कुष्ठ रोगी के साथ सहज सामान्य व्यवहार करना चाहिये। रोगी के साथ उठना, बैठना, खाना- पीना सब सहज व सामान्य है। एपिडिमियोलोजिस्ट हरिश कुमार ने बताया कि कुष्ठ रोग का पूरी तरह इलाज हो जाता है। इलाज में देरी से अपंगता हो सकती है, इसलिए लक्षण नजर आते ही तुरंत नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच करवानी चाहियें। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अशोक पुरोहित सहित नर्सिंग प्रशिक्षक उपस्थित थे।

राजकीय कन्या महाविद्यालय में हुआ खेलकूद व सांस्कृतिक सप्ताह का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

सरदारशहर (नि.स.)। राजकीय कन्या महाविद्यालय सरदारशहर में आज आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के दिशा निर्देशानुसार खेलकूद व सांस्कृतिक सप्ताह का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर योगेश चाहर ने उद्घाटन कर खेलों की शुरुआत की। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद भी हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग होता है। यह न केवल अनुशासन सीखाता है बल्कि भाईचारा, राष्ट्र प्रेम की भावना को भी जगाता है। पहले दिन कबड्डी एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया जिसमें टीम बी विजेता रही टीम बी में मोनिका राव ,मनीषा जोशी, विमला ,धनपति ,सुमित्रा सुथार, कल्पना, कविता प्रजापत, प्रीति प्रजापत ,आरती सुथार, खुशी सैनी, वसुंधरा सांसी आदि खिलाड़ी शामिल थे। इसी तरह रस्साकसी प्रतियोगिता में भी विमला सारण एवं मनीषा जोशी की टीम विजेता रही। इस अवसर पर सह आचार्य नवीन कुमार पारीक, लेखाधिकारी गजेंद्र सिंह भाटी,डॉक्टर गजेंद्र दान चारण , डॉक्टर विक्रम सोनी, मुकेश चौधरी, आशिता गढ़वाल ,रामस्वरूप स्वामी आदि संकाय सदस्य उपस्थित थे ।

नरेश पूर्बिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मिडिया प्रभारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा ने उदयपुर के नरेश पूर्बिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मिडिया प्रभारी नियुक्त किया है। राष्ट्रीय महासचिव आदित्य वर्धनम ने बताया कि मुख्य संरक्षक बालेश्वर दयाल जायसवाल, वरिष्ठ संरक्षक पन्नालाल जायसवाल, राष्ट्रीय संरक्षक किशोर हेमराज जायसवाल व रविन्द्र जायसवाल, मुख्य राष्ट्रीय प्रभारी पुरन चंद झरीवाल द्वारा की गई अनुशंसा व व्यापक विचार विमर्श के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन लाल प्रभाती लाल जायसवाल ने नरेश पूर्बिया उदयपुर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मिडिया प्रभारी नियुक्त किया है।

छात्राओं को मिली साईकिलें और नए विद्यालय को मिले दो कक्षा कक्ष

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। निकटवर्ती ग्राम ब्यावर खास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 की छात्राओं को राजस्थान सरकार द्वारा साइकिल वितरण कार्यक्रम के तहत जवाजा सी बी ई ओ कविता मौर्य के कर कमलों से 60 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई । कविता मौर्य पूर्व में ब्यावर खास विद्यालय के प्राचार्य पद पर थी। पदोन्नति के बाद वर्तमान में जवाजा सी बी ई ओ पद पर जवाजा में हे।कविता मौर्य ने इस अवसर पर ग्रामीणों के अनुरोध पर नवनिर्मित विद्यालय में एक कक्षा कक्ष और एक कक्षा कक्ष सरपंच हरचंद चौधरी द्वारा घोषणा की गई।

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा को डिजीटल सखी नवाचार व महिला सशक्तीकरण प्रोजेक्ट के लिए स्कॉच अवार्ड - 2024

बढ़ता राजस्थान

चूरू(सुरेश लाटा)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा को उनकी महत्वाकांक्षी संकल्पना डिजीटल सखी नवाचार व महिला सशक्तीकरण प्रोजेक्ट के लिए स्कॉच अवार्ड -2024 के लिए चुना गया है। राजीविका डीपीएम दुर्गा ढाका ने बताया कि जिला कलक्टर के नवाचार डिजीटल सखी कार्यक्रम व महिला सशक्तीकरण प्रोजेक्ट को स्कॉच अवार्ड-2024 के लिए शॉटलिस्ट किया गया है। जिला कलक्टर को 15 फरवरी, 2025 को सिल्वर ओक हॉल, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोदी रोड़, नई दिल्ली में आयोजित 100 वें स्कॉच सम्मिट में स्कॉच अवार्ड-2024 प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग के निर्देशन में डिजिटल सखी नवाचार के माध्यम से राजीविका से जुड़ी महिलाओं को कम्प्यूटर आधारित प्रशिक्षण दिया गया था। नवाचार को आगे बढ़ाते हुए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की नई संकल्पना पर महिला सशक्तीकरण की दिशा में जिले में शुरू किए गए डिजीटल सखी 2.0 नवाचार अंतर्गत राजीविका से जुड़ी व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं एआई, चैट जीपीटी, साइबर सिक्योरिटी, मोबाइल एप्लीकेशन व ऑनलाइन पेमेंट आदि कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। महिलाएं अपनी दैनिक गतिविधियों में मोबाइल पर आईटी एप्लीकेशन का उपयोग करने के साथ रोजगारपरक गतिविधियों में प्रशिक्षण का लाभ उठा रही हैं। वर्तमान में यह कार्यक्रम जिलेभर से 01 लाख महिलाओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य

जिले के सभी 07 ब्लॉकों में संचालित किया जा रहा है।

माली सेना की ब्यावर इकाई की कार्यकारिणी घोषित

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। माली सेना की ब्यावर शहर इकाई के अध्यक्ष श्रवण सांखला ने प्रदेश अध्यक्ष दिनेश भाटी की अनुशंसा पर कार्यकारिणी की घोषणा घोषणा की है संरक्षक पद पर भागचंद चौहान, गोपाल गहलोत, मदन लाल सोलंकी, रूप चन्द्र पालडिया उपाध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश सांखला लाल चंद सांखला, प्रमोद महावर सुरेश भाटी महामंत्री पद पर हंसराज सांखला ललित भाटी मंत्री पद पर सुरेश चौहान काका जगदीश गहलोत सचिव पद पर तरवीन चौहान कोषाध्यक्ष कपिल टोंक (छावनी) खेल मंत्री प्रमोद चौहान सांस्कृतिक मंत्री मुकेश पंच सांखला मिडिया प्रभारी मनोज महावर को नियुक्त किया है।

कार्यकारिणी की प्रतिलिपि प्रदेश संस्थापक दिनेश भाटी प्रदेश अध्यक्ष किशन देवड़ा प्रदेश संयोजक हीरालाल प्रदेश मिडिया प्रभारी जिला अध्यक्ष करन गहलोत ब्यावर जिला प्रभारी रमेश टॉक की गई है . शहर अध्यक्ष श्रवण सांखला ने बताया नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज हित में कार्य करने हेतु सहयोग ओर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है

देवली में पुलिस से बेखौफ होते चले जा रहे हैं चोर

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी)। बुधवार शाम को यहां शाम 8.00 बजे शहर के घोसी मोहल्ला पटवारी की गली में बेखौफ चोरों ने एक मकान को सुना समझ कर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया। गनीमत यह रही कि अज्ञात चोर अपने इरादे में सफल नहीं हो सके। हुआ यह की एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी प्रमोद मंगल के आवास पर उनका बच्चा घर के अंदर पढ़ाई कर रहा था बाकी घर के सदस्य घर को बाहर से ताला लगाकर शादी समारोह कार्यक्रम में चले गए थे। इसी बीच बुधवार की शाम को 8ः00 बजे दो अज्ञात चोर चोरी की नीयत से घर के बाहर द्वार पर लगे ताले को तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास कर रहे थे। तभी घर के अंदर पढ़ाई कर रहे युवक को बाहर लगे ताला तोड़ने का आवाज सुनाई दी । इस पर युवक ने शोर मचाना शुरू कर दिया । शोर शराबा होने पर अज्ञात चोर मौके से फरार हो गए ।और देखते ही देखते घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घर के अंदर बंद युवक ने इस घटना की जानकारी शादी समारोह में गए परिजनों को दी। इस पर इस घटना की सूचना पर उक्त सभी लोगों घर पर पहुंचे जहां । युवक ने परिजनों को आपबीती बताई और कहा कि कुछ आजा कर बाहर लगे ताले को तोड़कर घर में घुसने का प्रयास कर रहे थे । तभी शोर मचाना शुरू कर दिया और चोर मौके से फरार हो गए ।

अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़,(नि.स.)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर निंबाहेड़ा के जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कांग्रेस जनों के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीद दिवस मनाया। पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने गुरुवार को सुबह 11:15 बजे अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उपस्थित समस्त कांग्रेस जनों को महात्मा गांधी जी के बताए गए मार्ग पर चलने एवं उनके दिए गए उपदेशों का अनुसरण करने का आह्वान किया। उपस्थित कांग्रेस जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल झंवर, विधानसभा क्षेत्र युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं निवर्तमान पार्षद रविप्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबाल संघ के कोषाध्यक्ष एवं निवर्तमान पार्षद मनोज पारख, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष एवं निवर्तमान पार्षद मोहम्मद कुरैशी, विधानसभा क्षेत्र युवा कांग्रेस के अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव रामगोपाल वैष्णव, सचिव नुसरत खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे।

हरीश आंजना स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शहीद दिवस मनाया

छोटी सादड़ी में यहां स्थित हरीश आंजना स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। प्राचार्य डॉ दीपक मंडेला ने इस अवसर पर बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शिक्षाविद बनवारी दत्त जोशी, विशिष्ट अतिथि अमृतलाल नाहर, गायत्री परिवार मार्तंड राव मराठा, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ जगन्नाथ सोलंकी द्वारा प्रात 11 बजें मौन रख कर महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

महात्मा गांधी दर्शन समिति ने किये श्रद्धा सुमन अर्पित

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन और महात्मा गांधी दर्शन समिति के तत्वधान में आयोजित कार्यक्रम के तहत् कलेक्ट्रेट एवं गांधी वाटिका में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत की माला पहनाकर और पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद पालीवाल, गांधी दर्शन समिति के संयोजक दिलीप नेभनानी, ब्लॉक संयोजक एवं जिला प्रवक्ता डॉ.गोपाल सालवी, प्रदेश कांग्रेस सचिव रणजीत लोठ, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सचिव पंकज उपाध्याय, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिलाअध्यक्ष राजेश सोनी, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाअध्यक्ष इम्तियाज हुसैन लोहार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

शहीद दिवस के अवसर पर गुरुवार को कलक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों, कर्मचारियों ने शहिदों को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण और दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक, कोषाधिकारी दिग्विजय सिंह झाला, रसद अधिकारी हितेश जोशी, कार्यालय अधीक्षक मुकेश ईनाणी, संस्थापन अधिकारी किशन लाल माली, प्रशासनिक अधिकारी भरत सोनी सहित कलक्टर कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत रैली आयोजित

हरी झण्डी दिखाकर अभियान का आगाज

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़,(नि.स.)। चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान अन्तर्गत एक रैली को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। उप मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ प्रियंका पुरोहित ने बताया कि डॉ ताराचन्द गुप्ता (सीएमएचओ) के निर्देशन में विभाग ने कुष्ठ दिवस पर आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरूवार प्रात: 9.30 बजे नर्सिग प्रशिक्षण केन्द्र में अध्ययनरत छात्राओ द्वारा रैली का आयोजन किया गया। रैली को डिप्टी सीएमएचओ (हैल्थ) ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। रैली कलेक्ट्री चौराहा होते हुए बस स्टेन्ड होते हुए नगर पालिका कॉलोनी से एसपी निवास रास्ते से पुन: प्रशिक्षण केन्द्र पहुंची। डॉ पुरोहित ने बताया कि कुष्ट रोग शुरूआत में जांच एंव पहचान कर तथा पूर्ण बहु औषधीय उपचार (एमडीटी) लेने से ठीक हो जाता है। कुष्ठ कोई श्राप नहीं एक सामान्य जीवाणु जनित बीमारी है जिसका आसान सा इलाज होता है। बस इतना सा देश की जनता समझ जाए तो सभी रोगी सामने आ जाएं और बहुत जल्दी इस रोग का उन्मूलन संभव हो जाए। इसी विचार को केंद्र में रखते हुए चिकित्सा एवं स्वाथ्य विभाग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि अर्थात् शहीद दिवस पर गुरूवार से ''स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान'' शुरू करने जा रहा है जो 13 फरवरी तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गुप्ता ने बताया कि जिले के खण्डो में भी आयोजनों द्वारा कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता का प्रसार किया जाएगा। अभियान की नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. प्रियंका वर्मा ने बताया कि घर घर जाने वाले स्वास्थ्यकर्मी व आशा कुष्ठ रोग की पड़ताल करेंगे। अभियान के दौरान शपथ ग्रहण, जागरूकता रैली, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, समूह चर्चा जैसी गतिविधियां आयोजित की जायेंगी व कुष्ठ रोगियों की खोज हेतु सर्वे कार्य भी किये जायेंगे। उन्होनें बताया कि कुष्ठ रोग का इलाज कुछ मामलों में 6 माह तो कुछ मे 12 माह का हो सकता है। उन्होने उपस्थित छात्राओ को रोग की पहचान, लक्षण, एवं उपचार संबधी जानकारी के साथ अपने आस-पास, रिश्तेदारो एंव पडौसीयो में यदि उक्त लक्षण पाये जाते है तो उसका जल्द से जल्द से पूर्ण ईलाज दिलवाने का पूर्ण कराने एंव उपलब्ध संसाधनो का पूर्ण उपयोग कर कुष्ठ रोग मुक्त लक्ष्य प्राप्त करने की हर संम्भव कोशिश करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर खुशवन्त कुमार हिण्डोनिया, जिला डाटा प्रबंधक, रिंकु कुमार मीणा, डॉ मुनेश बैरवा, राजेन्द्र खटीक, कमलेश धाकड व अन्य कार्मिक एंव अधिकारी उपस्थित रहे।

खानपुरा, टोपा ग्रांमीणो ने एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

दोनों गांवो को नगरीय क्षेत्र में मिलाये जाने का किया विरोध

बढ़ता राजस्थान

नैनवां,(टी.आर सैनी)। राजस्थान सरकार के स्वायत शासन विभाग ने नैनवां पालिका की सीमा वृद्वि के प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए सीमा क्षेत्र के राजस्व ग्रांम दलेलपुरा,रालड़ी,खानपुरा,टोपा उर्फ नयागांव,छोटी पड़ाप,रजलावता,बड़ी पड़ाप को पालिका क्षेत्र में शामिल किया जा चुका है। ग्रांमीण क्षेत्र के राजस्व गांवो को पालिका की नगरीय क्षेत्र में मिलाये जाने पर अब क्षेत्र के लोगो ने विरोध शुरू कर दिया है। गुरूवार को खानपुरा एंव टोपा उर्फ नया गांव के लोगो ने उनके दोनो गांवो को नगरीय क्षेत्र में मिलाये जाने का भारी विरोध किया। बटवाड़िया के यहां से ग्रांमीणो ने हाथो में तख्तिया लेकर जुलूस निकाला जो उपखण्ड कार्यालय पर पहुँचा। जहां ग्रांमीणो ने नारेबाजी की गई,सरकार के रवैया का विरोध किया गया। गांवो के अस्तित्व को खत्म करके शहर में पनप रहा नशा का कारोबार एंव भू माफियाओ के हवाले किया जाने की साजिस बताया। धरना प्रदर्शन के बाद लोगो ने सीएम के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा ग्रांम खानपुरा व टोपा को मास्टर प्लान के अंतर्गत नैनवां नगर पालिका में शामिल करने का आदेश जारी किया गया है। इससे ग्रांम खानपुरा व टोपा के ग्रांमवासी स्तब्ध है। ग्रांमवासियों में भारी आक्रोश भी है। खानपुरा एवं टोपा गांव की दूरी नैनवा से 5 किलोमीटर से भी अधिक है।इन दोनों गांव का नैनवा शहर की बसावट के पहले से ही स्वतंत्र अस्तित्व है। खानपुरा एवं नैनवां के बीच आवागमन के लिए कोई साधन भी नहीं है। इन गांवों को नगर पालिका में शामिल करने से ग्रांमवासी कहीं सुविधाओं से वंचित हो जाएंगे एवं विकास कार्य ठप हो जायेगा। नैनवां की तरह ही भू माफियाओ एवं अतिक्रमियो का बोलबाला हो जाएगा। साथ यह गांव भी नशेड़ियों के अड्डे बन जाएंगे ।यह फैसला ग्रांम वासियों को आश्चर्यचकित करने वाला है। खानपुरा एवं टोपा गांव सत प्रतिशत कृषि एवं पशुपालन पर आधारित गांव है। नगर पालिका में शामिल होने से यहां के मूल निवासियों का कारोबार चैपट हो जाएगा ।दोनों गांव की संपूर्ण क्षेत्र में साझा पहचान है। खानपुरा एवं नैनवां के बीच में रियासत काल में निर्मित विशाल तालाब एवं वन विभाग की भूमि स्थित है। ऐसी स्थिति में खानपुरा एवं नैनवां के आबादी क्षेत्र का आपस में मिलन भी संभव नहीं है। राज्य सरकार को ग्रांमीणो की मांग को ध्यान में रखते हुए दोनो गांवो को पालिका के नगरीय क्षेत्र में शामिल नहीं करे। ग्रांमीणोजनो ने यह भी कहा कि 2 फरवरी तक गांवो की समस्या का निवारण नहीं होता है तो ग्रांमवासी उग्र विरोध प्रदर्शन करेंगे तथा उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान सीताराम सैनी, कैलाश गुर्जर,भीमराज मीणा, बंशीलाल एडवोकेट,खुशीराम सैनी,कमलेश कुमार सैनी,दुर्गाशंकर सैनी,ओम प्रकाश माली,रामफूल सैनी,मुस्तक अली,शंकर लाल सैनी,पूर्व सरपंच छोटूलाल बैरवा,दयाराम बैरवा,जमना शंकर,सत्यनारायण सैनी,सहित कई लोग मौजूद रहे।

अन्तर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़,(नि.स.)। सैनिक स्कूल में गुरूवार को अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर सी श्रीकुमार के निर्देशन में किया गया। स्कूल के शंकर मेनन सभागार में आयोजित हुई इस अंतर सदनीय प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया थे। स्कूल के जन संपर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल नौ सदनों के कैडेट्स ने भाग लिया। जूनियर वर्ग की इस प्रतियोगिता का विषय ''क्या भारत को पश्चिमी देशों की अपेक्षा पड़ोसी देशों के साथ संबंध विकसित करने पर अधिक ध्यान देना चाहिए'' रखा गया। प्रत्येक सदन से दो दो कैडेट्स ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने-अपने विचार रखें। इस प्रतियोगिता में कुश हाउस का कैडेट कृष्णा सिहाग प्रथम, प्रताप हाउस का कैडेट अमन आनंद द्वितीय एवं जयमल हाउस का कैडेट राजवीर सिंह तृतीय स्थान पर रहें। प्रताप हाउस प्रथम, जयमल हाउस द्वितीय एवं बादल हाउस तृतीय स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता की प्रभारी अंग्रेजी की अध्यापिका जयंती सक्सेना थी। निर्णायक का कार्य सामाजिक विज्ञान के अध्यापक विकास चौबे, अंग्रेजी के अध्यापक आदित्य तोमर एवं काउंसलर शताक्षी ने किया। संगणक का कार्य गणित के अध्यापक दिनेश कुमार शर्मा ने किया। अंत में मुख्य अतिथि ने विजेता कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।

प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ में केकड़ी की एक महिला ने भी प्राण गंवाएं

भीड़ के रैले में पति से बिछड़ गई, फिर पता चला कि अस्पताल में रखा है शव

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। केकड़ी क्षेत्र के स्यार गांव निवासी एक बुजुर्ग रामनारायण बैरवा को क्या पता था कि अपनी पत्नी के साथ धार्मिक यात्रा करते हुए महाकुंभ में स्नान करने की ललक उसे जीवन में अकेला कर देगी। लोगों के हुजूम के साथ खुशी-खुशी संगम की ओर बढ़ते हुए अचानक भीड़ संतुलन खौ बैठी और वहां भगदड़ मच गई। जिसमें उनकी पत्नी बिछड़ गई। उन्होनें भीड़ के महासागर में उसे ढूंढने की हर संभव कोशिश भी की। मगर वह नहीं मिली। बाद में उन्हें वज्रपात के रूप में उसकी मौत की सूचना मिली और मिला पत्नी का पार्थिव शरीर। मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ में केकड़ी क्षेत्र के सरवाड़ थानांतर्गत ग्राम स्यार निवासी 60 वर्षीय महिला निहाली देवी पत्नी रामनारायण बैरवा की भी मौत हो गई। वह अपने पति के साथ 22 जनवरी को धार्मिक यात्रा पर रवाना हुई थी। वे मथुरा, वृंदावन और अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करते हुए 27 जनवरी को महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे। उनके साथ करीब 50 अन्य यात्री भी थे। 28 जनवरी को वे प्रयागराज में महाकुंभ के मौके पर स्नान करने के लिए उत्साह के साथ संगम तट की ओर बढ़ रहे थे। रात को लगभग दो बजे का समय था। वे अपने इच्छित स्थान से करीब तीन सौ मीटर की दूरी पर थे कि अचानक भगदड़ मच गई।

भगदड़ में पति-पत्नी एक-दूसरे से बिछड़ गए। रामनारायण ने अपनी पत्नी को बहुत खोजा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। अगले दिन भी वे अपनी पत्नी को ढूंढने की हर संभव कोशिश करते रहे। फिर दोपहर करीब 12 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि उनकी पत्नी का शव लखनऊ अस्पताल में है। सूचना पाकर रामनारायण के होश उड़ गए। वे तुरंत लखनऊ पहुंचे। वहां उनकी पत्नी का शव रखा हुआ था। पत्नी का शव देखकर वे फुट फूटकर रो पड़े। बाद में वे एंबुलेंस से अपनी पत्नी के पार्थिव शरीर को लेकर गांव की ओर रवाना हुए। गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे जब एंबुलेंस गांव पहुंची, तो परिजनों में कोहराम मच गया। पूरा गांव शोक में डूब गया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नगर पालिका परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नगर पालिका परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुवे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया।इस दौरान नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजूदेवी सोनी,नपा उपाध्यक्ष ऐजाज अली, अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा,जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला अर्पित की तथा दो मिनट का मोन रख कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता खेमराज गुर्जर,युवा मोर्चा पूर्व नगर अध्यक्ष मनीष बारेगामा,वरिष्ठ सहायक गोपाल सुथार,कनिष्ठ सहायक नन्दलाल मेनारिया,कनिष्ठ सहायक प्रकाश शर्मा,सचिन सोनवाल, शान्तिलाल खटीक, शकील मोहम्मद,ललित पंवार,प्रियंका गर्ग,एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग,लेखा सहायक प्राची डीडवानिया,रोजगार सहायक सुनीता शर्मा, राजकुमार खटीक, हीरालाल शर्मा,विष्णु सोनी आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

जरूरतमंद छात्र छात्राओं को एयू बैंक ने बांटे स्वेटर

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय केकड़ी ग्रामीण में अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र छात्राओं को तेज सर्दी के मद्देनजर एयू बैंक की केकड़ी शाखा द्वारा स्वेटर वितरित किये गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक भागीरथ बगालिया ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत एयू बैंक के शाखा प्रबंधक लक्ष्मीकांत शर्मा सहित बैंक के रामसिंह चौधरी व पंकज शर्मा के द्वारा बच्चों को स्वेटर प्रदान किए गए। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक लक्ष्मीकांत शर्मा ने कहा कि परोपकार की गतिविधियों का सतत संचालन एयू बैंक का ध्येय है। उन्होनें कहा कि बच्चों की आवश्यकता व विद्यालय के विकास में सहयोग के लिए एयू बैंक सदैव तत्पर रहेगा। प्रधानाध्यापक बगालिया ने एयू बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रेमलता, विद्या जैन, कोमल साहू, राजेश कुमारी, अरुणा शाक्य, लाड देवी, विमला देवी, लादी देवी व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी कपासन ने विचारगोष्ठी एवं पुष्पांजलि के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। राष्ट्रपिता स्व. मोहनदास करमचंद गांधी की पुण्यतिथि को क्षेत्रीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में स्थित गांधी वाटिका में विचारगोष्ठी सहित स्व. गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाया गया। नगर कांग्रेस प्रवक्ता एवं युकां जिला महासचिव विजय बारेगामा ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को नगर कांग्रेस कमेटी कपासन के तत्वावधान में श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाया गया।जिसमें क्षेत्रीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नगर कपासन के मुख्य मार्ग स्थित गांधी वाटिका में नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत की अगुवाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प-माला सहित महात्मा गांधी अमर रहे,भारत माता की जय,वंदे मातरम,कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद आदि नारों के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।साथ ही आयोजित विचारगोष्ठी में वक्ताओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डालते हुवे महात्मा गांधी के पदचिन्हों पर चलकर देश एवं समाज की सेवा करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल नगर अध्यक्ष भवानीशंकर लोहार,पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष मांगीलाल बेरवा,पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका कपासन पार्षद हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अख्तर अली बुखारी,नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया,युवा नेता मोहम्मद शेर अंसारी,रवि सोनी, हरलाल जटिया,सचिव इकबाल नीलगर, सत्यनारायण चोटिया, संदीप सोमानी,पूर्व ब्लॉक प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत,नगर पालिका पार्षद लोकेश राव,पूर्व पार्षद मोहम्मद अशरफ, पार्षद प्रतिनिधि रफीक अंसारी आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री यादें माँ जयंती महोत्सव व चतुर्थ विवाह सम्मेलन कार्यक्रम आज से

बढ़ता राजस्थान

नैनवां,(टी.आर सैनी)। दक्ष प्रजापति विकास एवं सेवा संस्थान नैनवां के तत्वाधान में आयोजित तृतीय श्रीयादे मां जयंती महोत्सव व चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन के निमित्त शुक्रवार को सूरज बिहारी मंदिर राजघाट में भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें नवल सागर के राजघाट पर दीपोत्सव महाआरती दीपदान रंगोली कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक फरवरी को सूरज बिहारी मंदिर से भव्य कलश यात्रा शोभायात्रा निकलेगी । जो संस्कृति माटी कला से परिपूर्ण होगी। जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। शोभायात्रा में प्रदेश के पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि भाग लेगें। जो गढ़ चैक चारभुजा मंदिर नीलकंठ महादेव भगत सिंह सर्किल देइपोल चुंगीनाका होते हुए छात्रावास परिसर में पहुंचेगी । अतिथि सत्कार कार्यक्रम होगा व 2 फरवरी को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा। प्रवक्ता प्रेमराज पोटर ने बताया कि कार्यक्रम मे माटीकला आकर्षण का केंद्र रहेगा। 2100 दीपक से दीपोत्सव व दीपदान, शोभायात्रा मे माटीकला झांकी, मिट्टी के कलश, वधुओ को उपहार स्वरूप माटीकला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक की और से मिट्टी के बर्तन दिए जायेंगे।

बनाकिया खुर्द विद्यालय में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस रूप में मनाया

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। क्षैत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बनाकियाखुर्द में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक हजारी लाल रेगर ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस रूप मे मनाया गया।साथ ही पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी आनन्द कुमार दीक्षित व सुरेश कुमार सुरेड़िया द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्र ?पिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने हेतु प्रेरित किया तथा सुभाषचन्द्र एवं हेमलता दाधीच द्वारा कुष्ठ रोग से बचाव,उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्यामलाल भील, दिलीप सिंह गहलोत,सुनील खरवास, सुप्रिया राव,सुनीता कुमारी बैरवा,कन्हैयालाल अहीर सहित विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में दो मिनिट का मौन रखा गया।

देवली में 25 वार्डो से निर्वाचित पार्षदों के 25 साइन बोर्ड पर 14 लाख 74 हजार रुपए खर्च कर दिए पालिका प्रशासन ने

निर्वाचित पार्षदों के नाम पर लगाएं गये एक साइन बोर्ड की कीमत 58 हजार 9 सौ 60 रुपए आकी देवली पालिका ने

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी)। मामला यह है कि देवली पालिका प्रशासन के द्वारा पूर्व में करवाएं गये कार्यों मैं हुए भ्रष्टाचार की परत दर परत उभरकर सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी पर मामला यह सामने है कि। 2021 में देवली पालिका प्रशासन ने लोहे के पाइपों का जो साइन बोर्ड 59 हजार की लागत पर बनवाया वही साइन बोर्ड आज भी बाजार में 5 से 7 हजार रुपए के खर्चे पर आसानी से खरीद लिया जाता है। ऐसे में पालिका प्रशासन ने 2021 में एक साइन बोर्ड पर 58 हजार 9 सौ 60 रुपए खर्च कर डाले है। यह जानकारी उक्त दौरान की ई निविदा के दस्तावेजों से प्राप्त हुई है। हुआ यह है कि देवली पालिका के अधिशासी अधिकारी कार्यालय ने 10 मार्च 2021 को पत्र संख्या 3168 पर ई निविदा जारी करके कार्य से संबंधित ठेकेदारों को आमंत्रित किया था। इस दौरान पालिका ने शहर में 25 वार्डों से निर्वाचित पार्षदों के नाम 25 साइन बोर्ड लगवाने की योजना बनाई थी। उक्त दौरान 2021 में पालिका प्रशासन ने इन साइन बोर्ड के नाम 14 लाख 74 हजार रुपए खर्च करने की योजना बनाकर ई निविदा जारी कर डाली थी। इस दौरान पालिका प्रशासन ने शहर के 25 वार्डों से निर्वाचित पार्षदों के नाम प्रत्येक वार्ड में एक-एक साइन बोर्ड लगवा कर स्थापित करवा दिये गये थे। उक्त कार्य में हुए भ्रष्टाचार को लेकर अब यहां देखने वाली बात तो यह है कि उक्त दौरान पालिका प्रशासन ने प्रत्येक वार्ड में एक-एक साइन बोर्ड पार्षदों के नाम लगवाया। वहीं साइन बोर्ड आज भी बाजार में 5 से 7 रुपए के खर्चे पर आसानी से बन जाता है। लेकिन यहां भ्रष्टाचार की नीति के चलते सरकारी धन को चुना लगाने की नियत पर उक्त एक साइन बोर्ड पर पालिका प्रशासन ने 58 हजार 9 सौ 60 रुपए खर्च कर डाले। उल्लेखनीय है कि पालिका के द्वारा करवाए गए या करवाएं जारहे कार्य में भ्रष्टाचार की चढ़ी परत दर परत के बीच फिर से यह मामला सामने आया है । इतना ही नहीं आपको यह जानकर हैरानी होगी कि देवली नगर पालिका प्रशासन ने 4 वर्ष पूर्व जिन 25 साइन बोर्ड पर 14 लाख 74 हजार रुपए खर्च कर डाले आज उनकी दुर्दशा कबाड़ के रूप में दिखाई दे रही है।

देवली पालिका ने जिस साइन बोर्ड पर 58 हजार 9 सौ 60 रुपए खर्च किए, वही साइन बोर्ड बाजार में 5 से 7 हजार रुपए के खर्चे पर आसानी से बन जाता है



शहीद दिवस पर देश के राष्ट्रपिता गांधी को किया लोगो ने याद महात्मा गांधी पार्क में हुआ प्रार्थना सभा का आयोजन

कांग्रेसियो ने कार्यालय पर दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी(राजू शर्मा)। शहर में गुरुवार 30 जनवरी को महात्मा गांधी के बलिदान दिवस को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान शहर के गांधी पार्क में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। शहीद दिवस के कार्यक्रम में एसडीएम हेमंत कुमार घनघोर के साथ तहसीलदार उत्तमचंद बंसल और ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी कल्याण प्रसाद मीणा के साथ स्कूली बच्चे और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और गांधी जी को प्रिय रामधन के साथ भजनों का आयोजन हुआ। एसडीएम हेमंत कुमार घनघोर ने इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए कहा कि देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बलिदान दिवस शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमें गांधीजी द्वारा बताए गए विभिन्न सिद्धांतों और बातों का अनुसरण करना चाहिए। वे अकेले ऐसे व्यक्तित्व थे जिनका अंग्रेजो सहित पूरा विश्व आज भी लोहा मानता है। ऐसे में हमें अपने राष्ट्रपिता को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी एवं नगर पालिका पार्षद राजकुमार भारद्वाज एवं सेवादल के वरिष्ठ पदाधिकारी रहे लखना यादव ने भी अपने विचार रखें। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी,स्कूली बच्चे और शहर के गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने भी किया देश के राष्ट्रपिता को याद

दूसरी और कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा देश के राष्ट्रपिता को याद किया गया। शहर के कांग्रेस कार्यालय सब्जी मंडी में ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें महात्मा गांधी को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी आरती शिवहरे,हरी पहाड़िया,योगेश अग्रवाल,मोहम्मद नईम,ध्रुव शुक्ल,छुट्टन रिजवी सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

टोटरी से अलग कर कच्छपुरा को बनाया जाए ग्राम पंचायत

दर्जनों ग्रामीणों ने सौंपा कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी(राजू शर्मा)। उपखंड की टोटरी ग्राम पंचायत के कच्छपुरा और आसपास के गांवों के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को बाड़ी एसडीएम हेमंत सिंह घनघोर को जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौपा। जिसमें मांग की गई है कि उनके गांव कच्छपूरा को ग्राम पंचायत टोटरी से अलग कर एक नवीन ग्राम पंचायत बनाया जाए। जिसमें गांव पूरा मदारी,बड़ापुरा को जोड़ा जाए। जिससे ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के समाधान के साथ ग्राम पंचायत मुख्यालय की सुविधाओं का लाभ मिल सके। गांव कछपुरा से आए सरपंच प्रतिनिधि मुरारी लाल,ग्रामीण रमेश,दीवान सिंह,जगन्नाथ, लज्जाराम,ओमप्रकाश आदि ने बताया कि गांव कच्छपुरा से टोटरी ग्राम पंचायत मुख्यालय की दूरी करीब 4 से 5 किलोमीटर है।

वर्तमान में कच्छपुरा की आबादी करीब 3000 हो गई है। इसके साथ में पास का गांव पूरा मदारी और बड़ापुरा है। जिसकी जनसंख्या भी करीब करीब एक-एक हजार है । ऐसे में इन तीनों गांवों को मिलाकर आबादी पांच हजार के करीब है। ऐसे में कच्छपुरा को नवीन ग्राम पंचायत बनाया जाए। जिससे ग्राम पंचायत के सबसे बड़े गांव को उसकी सुविधाएं मिल सके। वर्तमान में हालात यह हैं की टोटरी तक जाने में बड़े बुजुर्ग परेशान होते हैं साथ में महिलाएं भी परेशानी का सामना करती हैं। इसको लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है और उनके गांव कच्छपुरा को नई ग्राम पंचायत बनाए जाने की मांग की है।

धौलपुर-गंगापुर सिटी रेल परियोजना की डीपीआर स्वीकृति में अनावश्यक देरी

संयोजक डॉ. हेमंत शर्मा ने रेल मंत्री को भेजा पत्र

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। क्षेत्रीय विकास मंच, गंगापुर सिटी के संयोजक डॉ. हेमंत शर्मा ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर धौलपुर-गंगापुर सिटी रेल परियोजना (द्वितीय चरण) की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट को शीघ्र स्वीकृत करने की मांग की है। यह डीपीआर पिछले 11 माह से पीएम गति शक्ति योजना के निदेशालय में लंबित है, जिससे परियोजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी हो रही है। डॉ. शर्मा ने बताया कि इस परियोजना से रेलवे के राजस्व, राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय विकास और कानून-व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस रेल मार्ग से गंगापुर सिटी से दिल्ली-मुंबई ग्रैंड ट्रंक रूट को सीधा जोड़ने की योजना है, जिससे रेलवे की माल ढुलाई क्षमता बढ़ेगी और ट्रैक का उपयोग प्रभावी होगा। इसके अलावा, पश्चिमी राजस्थान के सैन्य ठिकानों तक रक्षा सामग्री की आपूर्ति तेज होगी, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को बल मिलेगा। यह रेल मार्ग करौली जिले को पहली बार रेल नेटवर्क से जोड़ेगा, जिससे औद्योगिक और पर्यटन क्षेत्रों को प्रोत्साहन मिलेगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि यह परियोजना भाजपा के तीन लोकसभा सांसदों द्वारा अनुशंसित की जा चुकी है, फिर भी इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने रेल मंत्रालय से अनुरोध किया कि डीपीआर को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर इस महत्वपूर्ण परियोजना को उच्च प्राथमिकता पर रखा जाए ताकि क्षेत्रीय विकास को गति मिले।

क्षेत्रीय विकास मंच गंगापुर सिटी के पदाधिकारी ईश्वर लाल शर्मा से नि रेल अधिकारी ,प्रहलाद लाल गुप्ता से नि बैंक मैनेजर, श्यामलाल मीणा से नि प्राचार्य , तन्मय श्रीवास्तव एडवोकेट , डॉ जुगल किशोर तलवार,घनश्याम मेठी, सुरेश चंद शर्मा, जितेन्द्र उपाध्याय ,महेंद्र शर्मा से नि प्रिंसिपल, राजकुमार गोयनका, बाबू लाल बैरवा से नि प्राचार्य, रवि गुर्जर और ओम प्रकाश मीणा ने रेल मंत्री से उक्त रेल परियोजना की क्रियान्वित की मांग की है।

जिला मुख्यालय पर 2 फरवरी को आयोजित होगी आरपीएससी परीक्षा

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 एक पारी में 2 फ़रवरी को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जिला मुख्यालय पर 73 परीक्षा केन्द्रों के 29 राजकीय एवं 44 गैर राजकीय केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा में 19 हजार 888 अभ्यर्थी बैठेंगे। आरएएस प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों के संबध में गुरूवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर शुभम चौधरी, परीक्षा समन्वयक अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीना ने समस्त केन्द्राधीक्षकों तथा पर्यवेक्षकों को परीक्षा के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला कलक्टर ने परीक्षा का आयोजन राजस्थान लोक सेवा आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा की शुचिता को दृष्टिगत रखते हुए सावधानी पूर्वक परीक्षा संबंधी दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर रामिकिशोर मीना ने सभी समस्त केन्द्राधीक्षकों व पर्यवेक्षकों को राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम 2022 के नियमों की जानकारी प्रदान करते हुए किसी भी तरह की नकल में शामिल होने/गतिविधियों में भाग लेने पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश प्रदान किए।

एक घंटा पूर्व पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र पर : परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर 1 घंटा पूर्व पहुंचना अनिवार्य होगा। प्रात: 11 बजे सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को अनुत्तरित प्रश्नों के लिए आंसर शीट में प्रदात्त 5वां गोला भरना अनिवार्य होगा अन्यथा अनुतरित प्रश्नों के लिए आयोग द्वारा किए प्रावधान के अनुसार कार्यवाही की जाएगी जिस हेतु परीक्षार्थियों को 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत अंतराष्ट्रीय स्तर के वार्ताकारों की वार्ता का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में गुरुवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में अंतराष्ट्रीय स्तर के वार्ताकारों की वार्ताओं का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि स्थानीय विद्यालय में आज राष्ट्रीय आविष्कार अभियान गतिविधि में शामिल वार्ताओं में विभिन्न वार्ताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वार्ताकारों में न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार जैन सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश सिक्किम हाईकोर्ट, धर्मेंद्र भटनागर आईएएस ,पूर्व संभागीय आयुक्त अजमेर,कैलाश चंद्र जाट सेवानिवृत आई जी, कर्नल राजाराम जाट रहे। साथ ही समाज सेवी श्यामसुंदर साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी वार्ताएं सार गर्भित ओर प्रभावी रही इस अवसर पर एसडीएमसी के हनुमान सहाय पारीक,दिनेश टॉड़वाल , बरथला प्राचार्य गिरिराज गुर्जर,निवाई बालिका प्राचार्य लक्ष्मी शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

विधायक ने किया पीएमश्री स्कूल राहोली के प्रथम समाचार पत्र का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में राइजिंग राहोली एजुकेशन समिट 2025 कार्यक्रम में निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली के प्रथम समाचार पत्र राहोली शिक्षा समाचार का विमोचन किया।

प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि राहोली शिक्षा समाचार विद्यालय का पहला समाचार पत्र है इसमें पीएमश्री स्कूल राहोली व इसके अन्तर्गत आने वाले राजकीय विद्यालयों के समाचार प्रकाशित किए गए है।

इस अवसर पर विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि पीएमश्री स्कूल के समाचार पत्र को पढ़ने से पता चल रहा है कि यहाँ के प्रिन्सिपल,शिक्षकों व बच्चों ने कितने सुन्दर सुन्दर नवाचार किए है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रामजीलाल बैरवा,लवेश मीना, पंचायत समिति सदस्य शंकर लाल अटल, समाजसेवी शंकर लाल हाथीवाल समाज सेवी प्रकाश जैन,सुमेर सिंह नरूका, पूर्व सरपंच कमलेश चावला, बद्रीलाल जाट,छतरपाल सिंह, शम्भु दयाल शर्मा,शिवराज गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

नगर पालिका बोर्ड की बैठक में हंगामा

एजेंडे के तारीख बदलने पर पार्षदों का विरोध, लगातार तीन बार से नही हो पा रही पालिका बोर्ड की बैठक

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी(राजू शर्मा)। नगर पालिका बोर्ड के साधारण सभा की बैठक का गुरुवार को नगर पालिका परिसर में आयोजन किया गया। बोर्ड की बैठक में पहुंचे पार्षदों को जब एजेंडा दिया गया तो एजेंडे पर तारीख बदलने से पार्षद नाराज हो गए। पार्षदों ने आरोप लगाया कि पूर्व एजेंडे को गुपचुप तरीके से पास करने का नगर पालिका प्रशासन षड्यंत्र रहा है। इसी को लेकर 13 जनवरी को हुई बैठक के एजेंडे को आज 30 जनवरी करके गुपचुप पास करने की कोशिश की जा रही है। जिसमें भ्रष्टाचार का सीधा-सीधा खेल है। ऐसे में पार्षदों ने ईओ और नगर पालिका अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया और नगर पालिका परिसर में फर्श पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। नगर पालिका की वरिष्ठ पार्षद ठाकुर रूकंपाल सिंह जादोन्न ने बताया कि पूर्व में 13 जनवरी को एक बैठक हुई थी। जिसमें जो एजेंडा रखा गया। उस एजेंडे पर पार्षदों से साइन कराए थे। उक्त पालिका प्रशासन उक्त एजेंडे को ही तारीख बदलकर पास करने की तैयारी में है। जिसका षड्यंत्र अब खुल गया है। ऐसे में पार्षद नाराज हैं और उन्होंने बैठक का बहिष्कार कर दिया है। वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज ने बताया कि तारीख बदलने का पूरा मामला जांच में आना चाहिए। पार्षदों का जो मनरेगा कार्यों का भुगतान है ।

वह किया जाना चाहिए भले ही उसकी जांच की जाए। वही नाराज पार्षद मुकेश कुमार,हरदेव शर्मा,मोनू मंगल, अमित मंगल,कृष्णा शर्मा, गयाप्रसाद कुशवाह आदि ने बताया कि पूर्व में भी दो बैठकें नहीं हो पाई और आज की बैठक भी बिना किसी मतलब की रही। पार्षदों से मनरेगा के तहत जो काम कराए गए हैं उनका भुगतान नहीं किया जा रहा साथ में पार्षदों के वार्डो में जो समस्या हैं उनका भी समाधान नहीं किया जा रहा। नगर पालिका के वाइस चेयरमैन अहमद जमा खां के साथ बैठक में होतम सिंह जाटव,मुकेश कुमार, नासिर खान, पहाड़िया, लाला सिंघल सहित तमाम पार्षद मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी ने बताया कि नाराज पार्षदों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बोर्ड की बैठक में जो प्रस्ताव रखे गए है। उनको लेकर पार्षदो से समझाइश की जाएगी।

इनका कहना है

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी ने बताया कि तारीख बदलने का मामला उनकी जानकारी में नहीं है उसकी जांच की जाएगी किसी भी प्रकार का ना तो भेदभाव होता ना भ्रष्टाचार।

बाड़ी में बीजेपी ने महिला को सौंपी कमान : वंदना शिवहरे बनीं नगर अध्यक्ष, अन्य मंडल अध्यक्षों की घोषणा की

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी(राजू शर्मा)। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को संगठन चुनाव 2024 के तहत बाड़ी शहर सहित अन्य मंडलों के लिए नए अध्यक्षों की घोषणा की। इतिहास में पहली बार बाड़ी शहर में किसी महिला को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।धौलपुर संगठन चुनाव अधिकारी पंकज मीणा ने चार मंडलों के लिए नए अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की। जिला अध्यक्ष सतेंद्र पाराशर ने बताया कि बाड़ी नगर की कमान वंदना शिवहरे को सौंपी गई है। अन्य नियुक्तियों में कंचनपुर मंडल के लिए सुभाष तोमर, बिजौली मंडल के लिए रविंद्र गुर्जर और सैपऊ मंडल के लिए गुड्डू कुशवाहा को अध्यक्ष बनाया गया है। नवनियुक्त शहर मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे को दोपहर तीन बजे फोन पर उनकी नियुक्ति की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेंगी। उनका मुख्य लक्ष्य शहर में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना है। पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा सहित शहर के भाजपा पदाधिकारियों ने वंदना शिवहरे को बधाई दी। इस अवसर पर वंदना ने संगठन के जिला अध्यक्ष और उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने इन नियुक्तियों की पुष्टि करते हुए सभी नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर गुरुवार को गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शहीदों को याद किया गया। इस दौरान गांधी जी के प्रिय भजनों 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, रघुपति राघव राजा राम, श्री राम जय राम, तू ही है तो सहारा' का गायन किया।

इस दौरान जिले के प्रशासनिक अधिकारी समेत अन्य जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी कर्मचारियों ने मौन रखकर बापू को स्मरण किया।

केले से बनाएं ये एंटी-एजिंग फेस पैक

केला और बेसन फेस पैक

केला की तरह ही बेसन का इस्तेमाल भी स्किन केयर के लिए प्राचीन काल से ही किया जाता रहा है। अगर आपकी त्वचा पर उम्र से पहले ही एजिंग के लक्षण नजर आने लगे हैं, तो आप इसे दूर करने के लिए केला और बेसन फेस पैक का यूज कर सकते हैं।

इसके लिए आप आधा पका केला लें, इसमें 1 चम्मच बेसन और आधा चम्मच नींबू का रस मिला लें। अब इस फेस पैक को अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर 15 मिनट के लिए लगाएं। केला और बेसन फेस पैक लगाने से त्वचा की रंगत में सुधार होता है, साथ ही त्वचा की झुर्रियां, महीन रेखाएं भी कम होती हैं। एजिंग के लक्षण कम करने के लिए यह बेस्ट फेस पैक है।

केला और एवोकाडो फेस पैक

केला और एवोकैडो में बेहतर पौष्टिक और मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट करते हैं। शहद में त्वचा की मरम्मत और नमी बनाए रखने की क्षमता होती है। यह फटी और परतदार त्वचा को ठीक कर सकती है। केला और एवोकाडो फेस पैक बनाने के लिए एक पका केला और एवोकाडो लें। इसमें 1 चम्मच शहद मिलाएं। सभी को अच्छी तरह से मैश करें, अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें। इससे त्वचा की रंगत में निखार आता है, चेहरे की झुर्रियां, महीन रेखाएं दूर होती हैं। त्वचा खूबसूरत, मुलायम और चमकदार बनती है।

झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करने में है कारगर

महिला हो या पुरुष, वे हर उम्र में जवां और खूबसूरत नजर आना चाहते हैं। लेकिन एक उम्र के बाद त्वचा पर बुढ़ापा नजर आना एक सामान्य प्रक्रिया है। कुछ लोगों में उम्र से पहले ही बुढ़ापे के लक्षण नजर आने लगते हैं, ऐसे में वे तरह-तरह के प्रोडक्ट्स, ब्यूटी ट्रीटमेंट लेते हैं। लेकिन इससे त्वचा अधिक खराब हो सकती है। अगर आप भी एजिंग के लक्षणों से परेशान हैं, तो केले से बने कुछ खास फेस पैक ट्राई कर सकते हैं। केला त्वचा को मुलायम, चमकदार और ग्लोइंग बनाता है। केला फेस पैक लगाने से समय से पहले आने वाले बुढ़ापे के लक्षणों में भी आराम मिलता है।

केला और शहद फेस पैक

केला और शहद दोनों ही त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होता है। इनमें मौजूद विटामिन ए, विटामिन ई स्किन के लिए जरूरी होते हैं। शहद त्वचा को हाइड्रेट करते हैं, इससे त्वचा मॉयश्चराइज होती है। केला और शहद का फेस पैक बनाने के लिए आप एक केले को मैश कर लें। इसमें 1 चम्मच शहद डालें। दोनों को अच्छी तरह से मिक्स करें, त्वचा पर लगाएं। 15 मिनट बाद त्वचा को साफ पानी से धो लें। इससे एंटी एजिंग के लक्षणों में कमी आएगी, त्वचा की रंगत में सुधार होगा और त्वचा में नमी भी बनी रहेगी।

केला और पपीता फेस पैक

केला और पपीता सेहत के साथ ही त्वचा के लिए भी काफी लाभकारी होते हैं। आप चाहें तो एजिंग के लक्षणों को कम करने के लिए केला और पपीता फेस पैक का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप एक केला, पका हुआ पपीता अच्छा तरह से मैश कर लें। इसमें खीरे का रस मिलाएं, सभी को अच्छी तरह से मिला लें। इसे अपने पूरे चेहरे, गर्दन पर लगाएं और 15 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। इससे त्वचा की ड्रायनेस दूर होगी, त्वचा नरम और मुलायम बनेगी। केला और पपीता फेस पैक लगाने से चेहरे की झुर्रियां, फाइन लाइंस भी दूर होती हैं।

केला और दही फेस पैक

केला और दही फेस पैक एजिंग स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। दही झुर्रियों, महीने रेखाओं को कम करने में मदद करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण, मुक्त कणों से लड़ते हैं। इसके साथ ही इसमें लैक्टिक एसिड भी होता है, जो त्वचा को टोन करता है और एकसार बनाता है। केला और दही फेस पैक त्वचा के छिद्रों को कसता है। केला और दही फेस पैक बनाने के लिए आप आधे पके केले में 2 चम्मच दही मिला लें। इसे अच्छी तरह से मैश कर लें, अब इस पेस्ट को अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 15 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। आप इस फेस पैक को हफ्ते में 2-3 दिन इस्तेमाल कर सकते हैं।

मुंहासे ज्यादा होते हैं तो कम कर दें इन फूड्स का सेवन

त्वचा पर मुंहासे होना एक बेहद आम समस्या है। हम में ज्यादातर लोगों ने कभी न कभी त्वचा पर मुंहासों की समस्या का सामना जरूर किया है। त्वचा पर मुंहासों के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं जैसे त्वचा पर सीबम और केराटिन का उत्पादन, मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया, हार्मोन, बंद रोम छिद्र और सूजन। लेकिन क्या आप जानते हैं आपके द्वारा खाए जाने वाले कुछ फूड्स भी मुंहासों को ट्रिगर कर सकते हैं और त्वचा पर पहले से मौजूद एक्ने और पिंपल्स को बढ़ाते हैं, खासकर पीसीओएस वाले मुंहासों की स्थिति में।

चीनी वाले फूड्स

जब आपको मुंहासे होते हैं तो आपको किसी भी रूप में चीनी के सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि चीनी शरीर में आईजीएफ 1 नामक हार्मोन को बढ़ाती है जो मुहांसों को बढ़ाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार चीनी मुंहासे के दो प्रमुख कारणों को ट्रिगर करती है पहला हार्मोन और दूसरा सूजन। चीनी का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल में तेजी से वृद्धि होती है और आपका अग्न्याशय इंसुलिन जारी करता है। चीनी के सेवन को सीमित करने या अपनी डाइट से चीनी युक्त खाद्य पदार्थों को बाहर निकालने से इंसुलिन की मात्रा को कम करने में मदद मिल सकती है, जिसके कारण आपकी त्वचा पर अतिरिक्त तेल और मुंहासों का उत्पादन होता है।

दूध से बने उत्पाद या डेयरी प्रोडक्ट्स

दूध से बने उत्पाद या सिर्फ दूध भी हार्मोन के स्तर में बदलाव का कारण बन सकता है और त्वचा पर मुंहासों का कारण बन सकता है। जब आप दूध या दूध से बने उत्पादों का सेवन करते हैं तो यह हार्मोन्स असंतुलन को बढ़ावा दे सकता है, जिससे त्वचा पर मुंहासे हो सकते हैं। हालांकि, सभी डेयरी प्रोडक्ट्स मुंहासों समान रूप से प्रभावित नहीं करते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार स्किम मिल्क से बने उत्पाद ज्यादा मुंहासों को ट्रिगर करते हैं।

हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स

मुंहासे होने पर हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स से बचना चाहिए। हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स जैसे- व्हाइट ब्रेड, कॉर्न फ्लेक्स, पफ्ड व्हीट सीरियल, आलू, शकरकंद, तरबूज, अनानास, केक, कुकीज, मिठाई, पैकेज्ड ब्रेकफास्ट सीरियल्स सभी शरीर में आईजीएफ 1 हार्मोन के स्तर को बढ़ाते हैं, जो मुंहासों का कारण बनता है।

ऑयल मसाज करने से बढ़ेगी इम्यूनिटी और कम होगा स्ट्रेस, मसाज का सही तरीका

स्वस्थ रहने के लिए इम्यूनिटी का मजबूत होना बहुत जरूरी है। जब इम्यूनिटी मजबूत होती है, तो व्यक्ति को कोई भी बीमारी आसानी से नहीं घेरती हैं। कई लोग इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए कई तरह के सप्लीमेंट्स लेते हैं। लेकिन आप चाहें तो प्राकृतिक तरीके से भी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं। जी हां, मसाल एक ऐसा नैचुरल उपाय है जिससे इम्यूनिटी बढ़ाई जा सकती है। अगर तेल से सही समय, सही तरीके से मालिश की जाए तो इम्यूनिटी तेज हो सकती है।

मसाज करने का सही समय

वैसे तो आप दिन के किसी भी समय मसाज कर सकते हैं। लेकिन पूरा लाभ प्राप्त करने के लिए आपको मसाज तब करनी चाहिए, जब आप फ्री हो। इसके अलावा सुबह-सुबह मसाज करना सबसे बेस्ट माना जाता है। सुबह मसाज करने से आपके दिन की शुरुआत अच्छी होगी। आप पूरे दिन एनर्जेटिक और फ्रेश फील करेंगे। आप चाहें तो दोपहर में भी तेल से शरीर, बालों की मालिश कर सकते हैं।

मसाज के लाभ

- मसाज करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इससे लिंफैटिक फ्लो में भी सुधार आता है।
- मसाज करने से खाद्य पदार्थों के पोषक तत्व शरीर को आसानी से मिल पाते हैं। इनका लाभ पूरे शरीर को मिल पाता है।
- मसाज से आपका दर्द, स्ट्रेस भी दूर होता है। साथ ही अनिद्रा की समस्या से भी छुटकारा मिलता है।
- शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में भी मसाज फायदेमंद हो सकता है।
- मसाज करने से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। इससे व्यक्ति हमेशा स्वस्थ महसूस करता है।
- मसाज से सेल्स में लिम्फोसाइट की संख्या बढ़ती है, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं।

इन बातों को जरूर रखें ध्यान

- आपको खाली पेट मसाज करने से बचना चाहिए। क्योंकि मसाज आपके डाइजेस्टिव सिस्टम को स्टिमुलेट करती है। इससे ब्लड ग्लूकोज लेवल कम हो सकता है।
- मसाज करने से पहले आप थोड़ा कुछ खा लें। आप फलों का सेवन कर सकते हैं।
- इसके अलावा हैवी मील खाने के बाद भी मसाज नहीं करवानी चाहिए। इससे ब्लोटिंग महसूस हो सकती है।

मसाज के लिए बेस्ट ऑयल

जो एसेंशियल ऑयल पेड़ की पत्तियों, तने, फूलों से एक्सट्रेक्ट किए जाते हैं, मसाज के लिए उनका ही प्रयोग किया जाना चाहिए। एसेंशियल ऑयल आपके इम्यून सिस्टम को स्टिमुलेट करते हैं। इससे इम्युन सेल्स की एक्टिविटी बढ़ती हैं। सेल्स इन्फ्लेमेशन और दर्द को कम करने में मदद करती हैं। आप यूक्लेप्टस, क्लॉव, लेवेंडर और टी ट्री ऑयल जैसे एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये तेल इम्युनिटी को बढ़ाने में भी मदद कर सकते हैं।

शहद और जायफल का मिश्रण दूर करता है ये समस्याएं

शहद और जायफल यह दोनों चीजें बेहद ही असरदारी और पोषक तत्वों से भरपूर हैं। वहीं अगर शहद और जायफल का सेवन एक साथ किया जाए तो सेहत को कई फायदे हो सकते हैं। शहद के अंदर भरपूर मात्रा में विटामिन सी, विटामिन बी6, कार्बोहाइड्रेट, अमीनो एसिड आदि पोषण तत्व पाए जाते हैं। वहीं जायफल के अंदर भी प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम, सोडियम, जिंक, विटामिन सी, विटामिन बी 6, विटामिन ए आदि पोषक तत्व पाए हैं जो सेहत को कई समस्याओं से दूर करने में उपयोगी हैं। ऐसे में इन दोनों को एक साथ लेना एक अच्छा विकल्प साबित हो सकता है।

पेट की समस्या हो दूर : पेट की समस्या को दूर करने में शहद और जायफल आपके बेहद काम आ सकता है। ऐसे में आप जायफल के चूर्ण को या उसके तेल को शहद के साथ मिलाकर सेवन करें। ऐसा करने से न केवल पाचन क्रिया को बेहतर बनाया जा सकता है बल्कि पेट की कई समस्याओं को दूर भी रखा जा सकता। इसका सेवन व्यक्ति सोने से पहले या सुबह खाली पेट करे सकता है।

गठिया की समस्या हो दूर : गठिया की समस्या को दूर करने में भी शहद और जायफल आपके बेहद काम आ सकता है। ऐसे में आप एक चम्मच शहद में आधा चम्मच जायफल का चूर्ण मिलाएं और बने मिश्रण का सेवन करें। ऐसा करने से ना केवल गठिया की समस्या से राहत मिल सकती है बल्कि जोड़ों का दर्द और सूजन की समस्या भी दूर हो सकती है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएं : रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में शहद और जायफल का इस्तेमाल आपके बेहद काम आ सकता है। आप रात को सोने से पहले एक चम्मच जायफल और शहद का सेवन करें। ऐसा करने से न केवल इम्यूनिटी मजबूत बनती है बल्कि व्यक्ति शरीर को कई समस्याओं से दूर भी रख सकता है।

मुंहासों की समस्या से आराम : मुंहासों की समस्या को दूर करने में शहद और जायफल आपके बेहद काम आ सकता है। ऐसे में आप कटोरी में शहद के साथ जायफल के चूर्ण को मिलाकर बने मिश्रण को प्रभावित स्थान पर लगाएं। तकरीबन 20 से 25 मिनट बाद यानि जब पेस्ट सूख जाए तो अपने चेहरे को साधारण पानी से धो लें। ऐसा करने से ना केवल मुहांसों की समस्या दूर होगी बल्कि त्वचा चमकदार और निखरी हुई नजर आ सकती है।

अनिद्रा की समस्यासे राहत : आज के समय में लोग अनिद्रा की समस्या से काफी परेशान हैं। इसके पीछे कारण सोने का अनियमित समय हो सकता है या तनाव। ऐसे में बता दें कि अनिद्रा की समस्या को दूर करने में जायफल और शहद आपके बेहद काम आ सकता है।

आप रात को सोने से पहले एक चुटकी जायफल को शहद के साथ मिलाकर इसका सेवन करें। ऐसा करने से न केवल तनाव की समस्या दूर होगी बल्कि व्यक्ति को नींद से समस्या से भी राहत मिल सकती है।

सुबह खाली पेट फ्रूट जूस पीने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए ताजे फलों का जूस पीना बहुत फायदेमंद माना जाता है। जूस में शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व जैसे विटामिन, मिनरल्स आदि मौजूद होते हैं। ज्यादातर लोग सुबह की शुरुआत जूस के साथ करते हैं लेकिन क्या आपको पता है कि खाली पेट जूस पीना कई लोगों के लिए फायदे की जगह नुकसान का सौदा हो सकता है? आमतौर पर यह माना जाता है कि हमें सुबह की शुरुआत हेल्दी चीजों से करनी चाहिए। इसलिए लोग सुबह के समय में फल, जूस आदि चीजों का सेवन करना पसंद करते हैं। वैसे तो सुबह में ताजे फलों का जूस पीना फायदेमंद माना जाता है लेकिन अगर सही तरीके से इसका सेवन नहीं किया गया तो इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि सुबह में उठने के बाद आपका पाचन तंत्र देर से काम करना शुरू करता है।

जूस पीने से पहले इन बातों का ध्यान रखना

- सुबह के समय में ज्यादा खट्टे फल जैसे संतरा, अंगूर और नींबू या मौसमी आदि का जूस पीने से बचना चाहिए। खालीपेट इन फलों के जूस का सेवन करने से आपके पेट में एसिडिटी बढ़ सकती है क्योंकि इन फलों में साइट्रस की मात्रा होती है। हालांकि यह सभी के लिए नुकसानदायक नहीं होता है।
- सुबह खालीपेट फ्रूट जूस का सेवन बर्फ के साथ या जूस को अधिक ठंडा करने नहीं पीना चाहिए। सुबह के समय में पेट और शरीर के लिए गुनगुने पानी का सेवन फायदेमंद माना गया है। ठंडे जूस का सेवन करने से आपके म्यूकस मेम्ब्रेन को नुकसान हो सकता है और इसकी वजह से आपको पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।
- जूस पीने के तुरंत बाद आपको कुछ भी खाने से बचना चाहिए। क्योंकि सुबह में जब आपका पेट पूरी तरह खाली होता है उस समय जूस पीने के बाद कुछ खाने से आपको उल्टी या दस्त की समस्या हो सकती है। सुबह खालीपेट फ्रूट जूस पीने के बाद कम से कम 1 घंटे तक किसी भी चीज का सेवन करने से बचना चाहिए।

इन स्थितियों में ना खाएं मशरूम, क्यों है नुकसानदेह

पहले के मुकाबले मशरूम खाने का चलन बढ़ा है। आज मशरूम काफी लोगों के लिए पसंदीदा खाद्यों में से एक है। हालांकि मशरूम काफी पौष्टिक तत्वों से भरपूर होती है इसलिए इसके सेवन को हेल्थ के लिहाज से फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका अधिक सेवन आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। अमशरूम बहुत से पौष्टिक तत्वों से भरपूर होती है और यह विटामिन डी का भी बेहतर स्रोत मानी जाती हैं। क्योंकि इसके सेवन से बहुत से हेल्थ बेनिफिट्स मिलते हैं जैसे कि बोंस को मजबूत बनाती है और एंटीकैंसर प्रॉपर्टी होने के कारण इसका सेवन कैंसर में भी फायदेमंद है। लेकिन क्या आप जानते हैं यह मृत्यु का कारण भी बन सकती है? दरअसल मशरूम की कई किसमें बाजार में मौजूद हैं जिनमें से लगभग 12 से 15 नुकसानदायक है। इनमें से सबसे ज्यादा नुकसानदायक डेथ कैप को माना जाता है। तेज चमकीले रंग की छतरीनुमा मशरूम को सबसे ज्यादा जहरीला माना गया है। इसलिए अगली बार मशरूम लेने से पहले आपको अपने लिए बेस्ट और लाभदायक किस्म की मशरुम चुनने का ध्यान रखना है। साथ ही इन्हें बनाने से पहले सही ढंग से धोयें, उसके बाद अच्छी तरह से पकाकर खायें। अगर गलत किस्म की और जरूरत से अधिक मशरुम खा लेते हैं तो इससे आपको काफी सारे साइड इफेक्ट भी देखने को मिल सकते हैं। अगर आप नहीं चाहते हैं कि पाचन तंत्र में कोई समस्या आए तो मशरुम का सेवन देख कर ही करें।

थकान रहना

बहुत से लोग मशरुम खाने के बाद खुद को थका हुआ महसूस करते हैं। आपको थोड़ा असहज महसूस हो सकता है और साथ ही एनर्जी लेवल में भी कमी देखने महसूस हो सकती है। अगर आप बहुत ज्यादा जल्दी-जल्दी मशरुम बनाते हैं या रोजाना इसका सेवन करते हैं तो ऐसा करना बंद कर दें और इस साइड इफेक्ट से तुरंत निजात पाएं।

पेट खराब होना :

बहुत से लोगों को मशरुम खाने के बाद डाइजेस्टिव सिस्टम से जुड़ी समस्याएं जैसे डायरिया, पेट दर्द होना, उल्टियां आना, जी मिचलाना हो सकती हैं। इसलिए अगर यह सब महसूस होता है तो मशरूम का सेवन काफी सीमित कर दें।

स्किन एलर्जी होना :

मशरूम हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करती है। लेकिन कुछ लोगों को इनका सेवन करने से स्किन पर रैश और एलर्जी या स्किन इरिटेशन का सामना भी करना पड़ सकता है। या फिर नाक से खून निकलना, नाक का ड्राई होना और गला सूखने जैसे लक्षण भी देखने को मिल सकते हैं। ऐसा मशरुम अधिक मात्रा में खाने के कारण भी होता है।

प्रेग्नेंसी के दौरान अवॉइड करें :

अगर आप गर्भवती महिला हैं या हाल ही में मां बनी हैं तो एक्सपर्ट्स के मुताबिक आपको मशरूम का सेवन नहीं करना चाहिए। वैसे तो इसका बच्चे या मां की सेहत पर कोई गंभीर साइड इफेक्ट नहीं देखने को मिलता है लेकिन खुद की सुरक्षा करना बेहतर विकल्प है।

सिर दर्द

बहुत से लोगों को मशरूम खाने से एक से अधिक दिन तक सिर दर्द की समस्या का सामना करना पड़ता है। इस समय वह काफी चिड़चिड़े हो जाते हैं और उन्हें सिर काफी भरी भारी महसूस होता है। इस वजह से काम में भी मन नहीं लग पाता।

एंजायटी

बहुत से लोगों में मशरूम का सेवन करने से एंजायटी यानी चिंता महसूस होने लगती है। इसकी मात्रा सब में अलग-अलग देखने को मिल सकती है। अगर आप इसका सेवन रोजाना करते हैं तो अत्यधिक एंजायटी का सामना करना पड़ सकता है।

मेंटल डिसऑर्डर

यह मशरूम खाने की वजह से मिलने वाला सबसे भयंकर और खतरनाक साइड इफेक्ट है। बहुत से लोग जो मशरूम खाते हैं, उनको इसे खाने के बाद अत्यधिक डर, पैनिक अटैक्स और स्ट्रेस जैसे मेंटल डिसऑर्डर जैसी समस्या हो सकती है।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

डोटासरा बोले-रील बनाने कुंभ जा रहे बीजेपी नेता

किरोड़ी झुकेंगे नहीं, उन्होंने वसुंधरा को नहीं बख्शा तो भजनलाल क्या चीज है?

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने महाकुंभ में मची भगदड़ के लिए सरकारी अव्यवस्थाओं और बीजेपी नेताओं की सेल्फी को जिम्मेदार ठहराते हुए निशाना साधा है। डोटासरा ने कहा- आज के जमाने में भी रील बनाने के लिए बीजेपी के नेता कुंभ में जा रहे हैं, भगदड़ मच रही है। वहां पर सरकार व्यवस्था ही नहीं कर पा रही है, लोगों की मौत हो रही है।

डोटासरा ने कहा- महाकुंभ हम सब के लिए गर्व का विषय है, लेकिन व्यवस्थाएं करना सरकार का काम है। यह जो वीआईपी प्रोटोकॉल है, मंत्री मुख्यमंत्री बार-बार जाकर रील्स बना रहे हैं, इससे वहां पर अव्यवस्थाएं हो रही हैं। शंकराचार्यजी ने भी कहा है कि कुंभ हमारी धार्मिक आस्था का केंद्र है हम सब के लिए गौरव का विषय है, लेकिन वहां पर वीआईपी कल्चर और सरकार की व्यवस्थाएं नहीं होने के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है। डोटासरा ने गुरुवार को जयपुर कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से यह बात कही।

राठौड़ से संसदीय कला सीखी, उनमें काफी अच्छाइयां

राजेंद्र राठौड़ के डोटासरा को सपने में भी बीजेपी दिखने, बीजेपी फोबिया होने के बयान से जुड़े सवाल पर डोटासरा ने कहा- वो तो राठौड़ साहब को भी सपने में यही आता है। बीजेपी-आरएसएस ने उनके साथ क्या किया? वे तो खुद जनता दल से आए थे। भैरोंसिंह जी उन्हें बीजेपी में लेकर आए थे, वसुंधराजी ने उन्हें आगे बढ़ाया।

अमेरिका में प्लेन-हेलिकॉप्टर क्रैश 67 लोगो की मौत

अब तक 30 शव मिले; टक्कर के बाद प्लेन के 3 टुकड़े हुए

बढ़ता राजस्थान

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में बुधवार रात करीब 9 बजे एक यात्री विमान और एक हेलिकॉप्टर टकरा गए। क्रैश के बाद दोनों पोटोमैक नदी में गिर गए। प्लेन में 4 क्रू मेंबर समेत 64 लोग सवार थे। वहीं हेलिकॉप्टर में 3 लोग थे। इन सभी लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद अमेरिकी एयरलाइंस का प्लेन पोटोमैक नदी में तीन टुकड़ों में पड़ा मिला। सीबीएस न्यूज के मुताबिक अब तक 30 शव बरामद कर लिए गए हैं। वॉशिंगटन के फायर डिपार्टमेंट के प्रमुख जॉन डोनेली ने हादसे पर दिए बयान में कहा कि हादसे में अब कोई जीवित बचा होगा, उन्हें इसकी उम्मीद नहीं है। जॉन डोनेली ने बताया कि पानी में सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पानी काफी गहरा और मटमैला है। इससे गोताखोरों को गोता लगाने में कठिनाई आ रही है। रेस्क्यू में कई दिनों का वक्त लग सकता है।फिलहाल एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें और लैंडिंग रोक दी गई हैं।

वॉशिंगटन के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक घटना रोनाल्ड रीगन एयरपोर्ट के पास हुई। हादसा स एयरलाइन्स के सीआरजे700 बॉम्बार्डियर जेट और सेना के ब्लैक हॉक (एच-60) हेलिकॉप्टर के बीच हुआ। अमेरिकन एयरलाइन्स का जेट कंसास राज्य से वॉशिंगटन आ रहा था। 2 रूसी नागरिक भी प्लेन पर सवार थे रूसी न्यूज एजेंसी के मुताबिक प्लेन में रूस के दो फिगर स्केटर्स येवगेनिया शिश्कोवा और वादिम नौमोव भी सवार थे। दोनों ने 1994 में वर्ल्ड चैंपियनशिप भी जीती थी। दोनों शादीशुदा थे। वे कई साल से अमेरिका में रह रहे थे और आइस स्केटर्स को ट्रेनिंग देते थे। आशंका जताई है कि शिश्कोवा और नौमोव के बेटे मैक्सिम भी उसी प्लेन में हो सकते हैं।

जेके सीमेंट हादसा : 4 मौत, 15 घायल

पन्ना (एजेंसी)। पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। मौके पर पहुंचे कमिश्नर वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि घटना में 4 लोगों की मौत हुई है। इनके शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं। रावत ने 15 मजदूर घायल होने की पुष्टि भी की है। डीआईजी ललित शाक्यवार ने बताया कि चार मृतकों में तीन बिहार के रहने वाले हैं और एक पन्ना जिले के सिमरिया का रहने वाला है।

मृतकों को 18-18 लाख रुपए देका प्लांट प्रबंधन- प्लांट का दौरा कर लौटे अधिकारियों ने बताया कि मृतकों को प्लांट प्रबंधन की तरफ से 18-18 लाख रुपए दिए जाएंगे। घायलों को एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही कटनी के अस्पताल में सभी का इलाज किया जा रहा है। जब तक घायल मजदूर पूर्ण रूप से स्वस्थ्य नहीं हो जाते तब तक प्रबंधन की तरफ से इलाज करवाया जाएगा।

हाउसिंग बोर्ड के तीन कर्मचारी सस्पेंड

रिश्वत लेने वाले जेएलओ के साथ 2 सहायक लेखाधिकारियों को किया निलंबित

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए घूस लेने वाले जूनियर लॉ ऑफिसर (जेएलओ) प्रशांत गुप्ता को सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही जांच प्रभावित नहीं हो इसे देखते हुए बोर्ड प्रशासन ने गुप्ता के साथ-साथ दो सहायक लेखाधिकारियों को भी निलंबित किया है।

आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा की ओर से जारी आदेशों में जेएलओ प्रशांत गुप्ता के साथ-साथ विभागीय जांच प्रभावित नहीं हो इसके चलते सहायक लेखाधिकारी नवीन शर्मा और शेरसिंह को भी पद से निलंबित कर दिया है।

बता दें कि एक परिवादी के पिता के नाम राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की विशिष्ठ पंजीकरण योजना 2003 के अन्तर्गत इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा में आवास आवंटित हुआ था। पिता की मौत के बाद आवास का स्थानान्तरण परिवादी के नाम हो गया था। आरोपी अधिकारी ने आवास का मांग पत्र जारी करने की एवज में ढाई लाख रुपए की रिश्वत की मांगी।

इसके बाद एसीबी ने इस मामले में प्रशांत गुप्ता को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते ट्रेप किया था। एसीबी को इनपुट मिला था कि आरोपी जेएलओ ने हाउसिंग बोर्ड के सचिव के नाम से यह पैसा मांगा था। जिस पर एसीबी की टीम सचिव अनिल पालीवाल की भूमिका की भी जांच कर रही है।

विधायक दल की बैठक में नहीं पहुंची वसुंधरा

महाकुंभ में लगाई डुबकी

जयपुर। विधानसभा सत्र से पहले सीएमआर में सीएम भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे नहीं पहुंचीं। वे महाकुंभ में गई हैं और त्रिवेणी संगम घाट पर परिवार संग पूजा-अर्चना करके डुबकी लगाईं। बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा ने विधायकों से कहा- हमें सदन में सकारात्मक भाव रखना है। अगर विपक्ष व्यवधान पैदा करता है तो उसे तरीके से जवाब भी देना है।

महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि

पीएम ने राजघाट जाकर श्रद्धांजलि दी

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत सभी बड़े नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा- पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी सेवा और बलिदान को याद करता हूं। राहुल गांधी ने लिखा- गांधी जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, वह भारत की आत्मा हैं, और हर भारतीय में आज भी जीवित हैं।

राहुल ने लिखा- गांधी जी व्यक्ति नहीं, भारत की आत्मा हैं

खड़गे ने लिखा- बापू को श्रद्धांजलि, वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीटर पर लिखा- शहीद दिवस पर हम बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक रहे। सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव के उनके विचार हमारे मार्ग को प्रकाशित करते रहते हैं।

आप का मतलब झूठ, फरेब, धोखा : अमित शाह

कहा- केजरीवाल कहते थे यमुना को थेम्स नदी जैसा बनाएंगे और डुबकी लगाएंगे, डुबकी क्यों नहीं लगाई

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को रोहिणी की रैली में कहा कि केजरीवाल कहते थे कि यमुना के पानी को लंदन की थेम्स नदी जैसा बना देंगे और वे खुद उसमें डुबकी लगाएंगे।

लेकिन केजरीवाल ने आज तक डुबकी क्यों नहीं लगाई? शाह ने कहा कि आप का मतलब है झूठ, फरेब और धोखा। केजरीवाल ने यमुना को प्रदूषित करके दिल्ली वालों को प्रदूषित पानी पीने के लिए मजबूर किया है। जल बोर्ड के साफ पानी देने के सारे पैसे आप ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली के लोगों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना में जहर मिलाया है। शाह ने कहा- केजरीवाल बताएं कौनसा जहर मिलाया है, कौनसी लेबोरेटरी में टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइए। केजरीवाल चुनाव में अपनी हार को जान गए हैं इसलिए इतनी हल्की राजनीति कर रहे हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

राजस्थान में जनवरी में गर्मी, 13 साल का रिकॉर्ड टूटा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में हवाओं की दिशा बदलने के साथ ही दिन में तेज गर्मी हो गई है। बाड़मेर में बुधवार (29 जनवरी) को दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, डूंगरपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ में भी तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पास दर्ज हुआ।

उदयपुर-बाड़मेर जिले में पिछले 13 साल में जनवरी का सर्वाधिक तापमान कल दर्ज हुआ। दिन के साथ-साथ रात में न्यूनतम तापमान भी बढ़ने से रात की सर्दी कम होने लगी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले एक-दो दिन इसी तरह गर्मी रह सकती है। संभावना है कि 2-3 फरवरी से प्रदेश के मौसम में बदलाव होगा।

2012 के बाद सबसे ज्यादा चढ़ा पारा-पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के लगभग सभी शहरों में आसमान साफ रहा और तेज धूप निकलने से पारा चढ़ गया। सबसे ज्यादा तापमान कल बाड़मेर जिले में 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

बाड़मेर में जनवरी माह का ये पिछले 13 साल (2012 से 2024) का सर्वाधिक तापमान दर्ज रहा। इससे पहले बाड़मेर में साल 2018 में 33.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ था। उदयपुर में भी कल दिन में गर्मी अचानक तेज हो गई और पारा 31.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। उदयपुर में भी जनवरी माह का ये पिछले 13 साल (2012 से 2024) का सर्वाधिक तापमान रहा। इससे पहले उदयपुर में साल 2018 में 31.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ था।

इन शहरों में दिन में बढ़ी गर्मी

उदयपुर, बाड़मेर के अलावा बुधवार को चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 31.3, चूरू में 29.4, डूंगरपुर में 32.9, जालोर में 30.9 डिग्री पहुंच गया। वहीं, जोधपुर में 30.6, नागौर, अजमेर में 29.5, भीलवाड़ा में 30.5, जैसलमेर में 29.6 और फलोदी में 29 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)